तापमान

अधिकतम 34.6 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025



12 छूटे हुए परिवार को आवास देने पखवाड़े में जुड़ेगा नाम





13 लोगों की जीवनशैली, योगा प्राणायाम और संतुलित आहार की दी






# पार्टी मनाकर लौट रहे युवकों ने आरक्षकों को पीटा, वर्दी भी फाड़ी, एसपी पहुंचे पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पार्टी मना कर लौट रहे पांच युवकों ने दबंगई दिखाते हुए दो पुलिस आरक्षकों को जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सभी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 121 (1)132 बीएनएस, 190, 191, 221, 296, 324, 351 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

अंजोरा पुलिस ने बताया कि पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक प्रदीप कुर्रे बुधवार की रात 9.45 बजे ड्यूटी के लिए घर से निकला था। इस दौरान चौकी के सामने बने कट से चौकी की ओर मुड़ रहा था। तभी थार वाहन से तेज रफ्तार में रॉन्ग साइड से खन्ना ढाबा से वाहन में आ रहे युवकों की वाहन आरक्षक की बाइक से टकरा गई। इस दौरान युवक मकान नंबर 15/35 स्ट्रीट 35 वार्ड 11 शांति नगर निवासी श्रीजल सोनी उर्फ पुनीत पिता राजेश सोनी 20 वर्ष, मकान 120 स्ट्रीट 1 शांति नगर जशकरण सिंह पिता जशवंत सिंह 20 वर्ष, वार्ड 11 मकान नंबर 334 स्ट्रीट नंबर 5 शांति नगर जशराज सिंह पिता सतनाम सिंह 20 वर्ष, हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर सरस्वती शिशु मंदिर के पास जामुल अनुराग तिवारी पिता वीरेन्द्र तिवारी 21 वर्ष, रंधावा निवास साकेत नगर कोहका यशराज सिंह रंघावा पिता निर्मल सिंह रंधावा 19 वर्ष पहुंच गए। आरक्षक प्रदीप के साथ गाली गलौज मारपीट करने लगे। इस दौरान आरक्षक अपनी जान बचाते हुए थाने की ओर आया। जहां पड़कर युवकों ने आरक्षक पर हमला कर दिया। इसे देखर पुलिस चौकी में दूसरा आरक्षक हितेन्द्र निषाद उसे बचाने पहुंचा तो आरोपी युवकों ने उसकी भी वर्दी फाड़कर जमकर पिटाई कर दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

## एसपी खुद मॉनीटरिंग करने पहुंचे थे चौकी

एसपी जितेन्द्र शुक्ला को घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार रात को ही अंजोरा चौकी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। फरार पांचों युवकों के बारे में जानकारी हासिल कर आरक्षकों के साथ मारपीट कर दंबगई दिखाने वाले युवकों को 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे भेज दिया। एसपी शुक्ला तुरंत पांच पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर युवकों की पहले पहचान कीए फिर बुधवार रात को ही जगह-जगह दबिश देकर पांच युवकों को एक साथ गिरफ्तार भी किया गया। एसपी ने कहा जिले में अपराध को जन्म देने वालों नहीं बख्शा जाएगा। इस तरह के अपराधियों को शिकंजा कसना पुलिस को बखुबी आता है।

## अंजोरा पुलिस ने पांच युवकों को किया गिरफ्तार



### अपराधियों की असली जगह जेल

पांच युवको को पुलिस ने पकड़ा है। जिले में अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। इनकी असली जगह जेल है। गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर को भी नहीं बख्शा जाएगा। ऑनलाइन सट्टे से जुड़े लोगों पर होगी कार्रवाई पुलिस पैनी नजर नजर लगी हुई है।

जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग

## महादेव सटोरिया का बेटा भी है आरोपी

बताया गया है कि आरक्षकों के साथ मारपीट करने के मामले में जशकरण सिंह नामक युवक को पुलिस ने पकड़ा है। जिसके पिता सतनाम सिंह को पुलिस ने महादेव और आईपीएल सट्टे में पकड़ चुकी है। लंबे समय से सतनाम सट्टा का अवैध कारोबार करता रहा है। सतनाम के कई बड़े खाइवालों से तगड़ी सेटिंग है। इसके खातें में करोड़ों का लेनेदेन का मामला भी सामने आ चुका है। पुलिस इसे लेकर भी जांच कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई डेम इमली झाड के पास दबिश देने पर मकान नंबर 25/2 मैत्री नगर रिसाली निवासी मुकेश मोदी के पास से 13.345 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 07 एमबी 3698 और तिरंगा चौक बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा राज कुमार ठाकुर से 2.172 किलो ग्राम गांजा, स्कुटी सीजी 07 सीजी 4499 (विकलांग वाहन) जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20(ख) 27(क) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अग्रीम कार्यवाही की जा रही हैं। कार्रवाई में आईपीएस व थाना प्रभारी राहुल बसंल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सिम के नाम पर ठगी

**भिलाई।** सिम कार्ड के लिए आधार और बायोमैट3कि के नाम पर फर्जीवाडा करने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवती पर पुलिस ने धारा 419,420 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी गोट्टेमुक्खला रवि ने सेक्टर 6, सड़क 55 रोड़ के किनारे छतरी लगा कर सिम बेचने वाली युवती के पास सिम खरीदने गया। युवती का नाम निशा शेण्डे बताया गया है। युवती ने आधार कार्ड ,लाईफ फोटो बायोमेट्रिक लेकर सिम पीड़ित के बिना जानकारी के अन्य को बेच दिया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम हुई।

### शासकीय स्कूल में चोरी

**भिलाई।** स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात ने सामान पार करने के मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिर्री प्रधान पाठक डाक्टर वर्षा हरि हरनो ने शिकायत किया है कि स्कूल से अज्ञात ने ताला तोड़कर चोरी किया है। जिसकी कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## भरी गर्मी में जलसंकट : भिलाई में चौथे दिन भी कई वार्डों में नहीं पहुंचा पानी, दुर्ग में शटडाउन से बढ़ी परेशानी

# निगम का दावा फेल, पानी के लिए तरसे सैकड़ों रहवासी

*भिलाई निगम का गुरुवार को सभी इलाकों में पेयजल आपूर्ति करने का दावा फेल रहा। वार्ड क्रमांक 30,31,32 से लेकर 33 तक हजारों की आबादी पेयजल के लिए तरस गई। खासकर महिलाएं पूरे दिन पानी के लिए जूझती देखी गई। पिछले चार दिन से भीषण गर्मी में लोगों को पानी नहीं मिल रहा। जिसकी वजह से महिलाओं में खासा आक्रोश है। वैसे तो इन वार्डों में गर्मी के दिनों में पेयजल संकट का सामना लोगों को करना ही पड़ता है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

गर्मी की दस्तक के साथ ही भिलाई निगम क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। हालात यह है कि लोग एक बाल्टी पानी के लिए आधा किमी तक का सफर करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं इन क्षेत्रों के कई रहवासी सुबह मजदूरी करने के लिए जाते हैं, तो पेयजल संकट होने की वजह से उनकी दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। उधर भिलाई निगम के इन चार वार्डों की दूरी मात्र पांच किमी है। जहां पर वार्डवासी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।



हरिभूमि सरोकार

### बिजली बंद से पेयजल टंकी का भराव प्रभावित

शिवनाथ नदी से भिलाई के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पानी आता है। इसके लिए बड़ी पाइप लाइन बिछाई गई है। चार दिन पहले से ही दुर्ग बस स्टैंड के पास यह पाइप लाइन फूट गई। इसके संधारण के लिए भिलाई निगम ने शट डाउन लिया। दो दिनों के लिए शट डाउन लिया था लेकिन दो दिन और बढ़ गई। बुधवार को मौसम खराब हो गया और अंधड़ की वजह से बिजली चली गई। पानी टंकी को भरने के लिए लगी मोटर बिना बिजली के बंद रही। इसलिए करीब छह घंटे तक पानी टंकी नहीं भरी जा सकी।

### गड्ढे से ले रहे हैं पानी



वार्डों में पेयजल संकट का आलम यह है कि कई महिलाएं पाइप लाइन लिकेज वाली जगह से गड्ढे में एकत्र बूंद- बूंद पानी को ले जाने को मजबूर हैं। मग से एकत्र पानी को बाल्टी में भरकर महिलाएं खाना बनाने के लिए ले जा रही हैं। इस पानी के उपयोग से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

### हर दिन पेयजल के लिए ऐसे जूझ रही महिलाएं



सभी महिलाओं की भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए ऐसी मशक्कत करनी पड़ रही है। वार्डवासी मुन्नी विश्वकर्मा बताती हैं कि पिछले चार दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। एक बाल्टी पानी नहीं मिल रहा। दूर जाकर हेंडपंप से पानी ले रहे हैं। भीषण गर्मी में एक बाल्टी पानी लाने के लिए कई घंटे लग रहे हैं। पूजा बताती हैं कि जब निगम घर और पानी का टैक्स ले रही है, तो पानी भी हर दिन मिलना चाहिए। एक साल से बोरिंग खराब है उसे नहीं बनाया। वार्डवासी महिलाओं ने बताया कि एक सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं है तो घर के बच्चों व परिवार के लिए खाना कैसे बनेगा। निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। टैकर से पानी देने की बात कहते हैं लेकिन उससे भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

### हो रही है पेयजल सप्लाई

पेयजल आपूर्ति चालू पाइप लाइन में संधारण कार्य पूरा कर लिया गया है। पानी टंकियों को भरकर पेयजल सप्लाई शुरू कर दी गई है।

-**राजीव पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

# पोटिया के लोगों ने निगम में बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन

**खास बातें**

- पिछले लंबे समय से कर रहे थे शिकायत, सुनवाई नही होने से फूटा गुस्सा
- वार्डवासियों ने महापौर अल्का बाघमार और आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

वार्ड 41 में पिछले लंबे समय से पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हैं। शिकायत के बाद भी सुनवाई नही होने से गुरूवार को वार्डवासियों को गुस्सा फूट गया। वार्डवासी नगरनिगम के दफ्तर के सामने पूरे परिवार के साथ बाल्टी लेकर पहुंच गए। सैकडों की संख्या में वार्डवासियों के देख प्रशासनिक खलबली मची रही। बाल्टी लेकर वार्डवासियों ने जमकर नारेबाजी भी की, अफसरों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन शांत हुआ।

पोटियाकला वार्ड स्थित निगम के पीएम आवास में रहने वाले सैकडों वार्डवासी पेयजल की समस्या से परेशान थे। वार्डवासियों ने बताया कि, उन्होने अफसरों से लिखित शिकायत भी की थी। पीएम आवासों में रहने वाले नागरिकों, महिलाओं ने बच्चों के साथ पहुंचे पीडितों ने बताया कि, कई बार जानकारी देने के बावजूद जलसंकट का समाधान नहीं किया जा रहा है। पोटिया रोड के किनारे बने पीएम आवासों में करीब 65 परिवार निवास करते हैं।

यहां नई पाइपलाइन बिछाकर पानी सप्लाई शुरू नहीं की जा रही है। गर्मी के मौसम में यहां के नागरिकों को ठेकेदार द्वारा खोदे गए बोरिंग से बमुश्किल एक दो बाल्टी पानी ही मिल पाता है। वार्ड 41 के पूर्व पार्षद हमीद खोखर ने बताया कि, नगर निगम के अफसर इस मामले में लगातार टाल-मटोल कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय देवांगन, हर्ष, सरफराज खान, लुकेश्वरी साहू, ममता देवांगन, उषा, सुशीला यादव, नीता साहू, बसंती मंडावी, नीलू साहू, रेखा बाजपेयी, मोहम्मद अनस, शत्रुघ्न डाहरे, वीएन सिन्हा, कासिम खान, प्रेमिन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वार्डवासियों ने कहा दगाबाजी की गई

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले का कहना है कि, पोटियाकला में पीएम आवास आबंटन के दौरान पानी की पर्याप्त व्यवस्था बताई गई थी। लेकिन यहां पाइप लाइन तक नही बिछा है। महिलाओं ने कहा उन्हें धोखे में रखकर निगम प्रशासन द्वारा मकानों को आबंटन कर दिया गया। पूर्व पार्षद हमीद खोखर ने बताया कि, निगम के अफसरों का कहना है कि, पाइप लाइन बिछाने सड़क खोदने के लिये पीडब्लूडी से परमिशन नही मिलने का हवाला देकर पाइपलाइन नहीं बिछाई जा रही है।

### आधा दर्जन टंकी नहीं भरेगी

नगरनिगम द्वारा 42 एमएलडी प्लांट में सफाई किए जाने के कारण शटडाउन गुरूवार को लिया गया है। जिसके चलते सुबह और शाम पेयजल की सप्लाई बाधित रही। पूर्व पार्षद लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि, गुरूवार को मेटेनेन्स के बाद शुक्रवार को सुबह सप्लाई की जाएगी। इससे रायपुर नाका, पांच बिल्डिंग सिविल लाइन, बोरसी, पोटियाकला, नयापारा राजीव नगर सहित डेढ दर्जन वार्ड में सप्लाई नहीं हुई।

# काम से लौट रहे युवक को बाइक ने ठोका, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने बाइक सवार युवकों ने चपेट में लिया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। शिकायत पर चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम भनसुली निवासी अजय कुमार ढीमर 13 अप्रैल को अपनी बाइक सीजी 07 एएच 2710 से बीएसपी प्लांट में काम करने गया था। घर भनसुली लौटते समय रात 8. 30 बजे मध्य पौहा नाला मेन रोड के पास पहुंचा था। इस दौरान बाइक सीजी 04 पी जेड 8206 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को चपेट में लिया। घटना में अजय कुमार के सिर समेत शरीर पर गंभीर चोटे आई। जिसे तुरंत उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पाटन ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गौरतलब हो कि शहर में वाहनों के तेज रफ्तार होने के कारण बाइक सवार घटना के चपेट में लगातार आ रहे है। इसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस को बड़ी कार्रवाई करनी होगी।

- जामगांव आर थाना क्षेत्र की घटना

## युवक की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** एक युवक की लाश निगम भिलाई मुख्यालय के पीछे मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर जांच में लिया है। मौके पर फरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची थी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि निगम मुख्यालय भवन के पीछे युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस ने सब्जी मंडी के व्यापारियों से शिनाख्त कराया गया तो युवक की पहचान पहचान राम नगर निवासी महेन्द्र कश्यप के रुप में हुई है। महेंद्र सुपेला सब्जी मंडी में ही हमाली का काम करता था। वो तीन भाइयों में तीसरे नंबर का भाई था। मृतक काफी नशा करता था। सुपेला पुलिस ने भी अपनी शुरुआती जांच में मौत का कारण अधिक नशा होना बताया है। लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पता चल पाएगा।






## मौसम ने बदले तेवर, दिखाए दो अलग-अलग रूप

# टाउनशिप में तेज बारिश, सुपेला पटरीपार सूखा व दुर्ग में पड़े ओले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

गुरुवार को भिलाईवासियों ने मौसम के अलग-अलग दो रूप देखे। टाउनशिप क्षेत्र में दोपहर करीब 4 बजे जमकर बारिश हुई। वहीं सुपेला, पावरहाउस व पटरीपार क्षेत्र पूरा सूखा रहा। यहां धूल उड़ रही थी। सुबह से तेज धूप निकली हुई थी। जिससे बचने के लिए लोग अपनी-अपनी जतन कर चल रहे थे। लेकिन अपरान्ह साढ़े 3 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। अचानक आसमान पर बदली छाई और वर्षा होने लगी। बारिश की बूंदें इतनी तेज रही कि लोगों का चलना मुश्किल हो गया। वहीं शाम को उमस की वजह से लोग बेहाल दिखे।

### आधे घंटे तक टाउनशिप की सड़कें रही तर-बतर

बारिश करीब आधे घंटे तक होती रही। जिससे सड़के तर-बतर हो गई। लोगों को यह अंदाजा नहीं था कि अचानक बारिश होने लगेगी। तेज बारिश से बचने के लिए लोग जहां-तहां खड़े हो गए। कई लोगों ने पेड़ के सहारे अपने को बारिश से बचाने का प्रयास किया। रिसाली सेक्टर, सेक्टर-5, सेक्टर-4, सेक्टर-3 व से-2, से.6 आदि इलाके में अच्छी बारिश हुई। जब बारिश थमी तो लोग टाउनशिप से होकर सुपेला की तरफ आए तो उन्हे बड़ा आश्चर्य हुआ। इस क्षेत्र में बारिश का नामो-निशान नहीं था। धूल उड़ रही थी।




### आज भी बाारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से असम तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 18 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है ।

### दुर्ग में पड़े ओले

दुर्ग के जवाहर नगर, आदित्य नगर, कांदबरीनगर आदि क्षेत्रों में तेज बारिश के बीच ओले भी गिरे। ओले गिरने से लोगों का आवागमन रूक गया। सड़कों पर ओले बिछ गई। वाहन चला रहे लोग ओले की मार से बचने सुरक्षित जगहों पर चले गए। यहां करीब आधे घंटे तक बारिश होती रही।




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### पीडीएस भवन से अवैध कब्जा निगम ने हटाया

**भिलाई।** निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पंजीयन क्रं. 1973 वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन के लिए पीडीएस के 2 भवन बनाये गये थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्वसहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के अनुसार पीडीएस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां से टेन्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पीछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था। सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। वहां पर टेंट हाउस के सामग्री, बॉस बल्ली, फर्नीचर, बर्तन इत्यादि थे, भवन के अंदर से खाली कराया गया। जिसमें उसने स्वीकार किया कि गलती हो गई अब मैं दुबारा शासकीय भवन का उपयोग नहीं करूगां। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी आदि मौजूद थे।

## निधन

### ऊषा देवी बाफना



**भिलाई।** एसएम 28-29 पदमनाभपुर निवासी ऊषा देवी बाफना उम्र 74 वर्ष का निधन 17 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 18 अप्रैल को 12:30 बजे उनके निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. कस्तूरचंद बाफना की पत्नी एवं प्रेमचंद बाफना की भाभी, संजय, अजय बाफना की चाची, आनन्द बाफना की मां, कोमल, आशीष बाफना की चाची, अनंत, अभिनव बाफना की दादी थीं।

# विकास कार्यों का खाका लेकर मेयर सहित एमआईसी सदस्यों ने मंत्री से मांगा फंड

## दर्जनभर से अधिक कार्यों के लिए मांगी राशि, मेयर के साथ एमआईसी मेंबर भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

स्थानीय निकाय के चुनाव में दुर्ग की जनता से लोक लुभावन वादों को पूरा करने निर्वाचित मेयर ने एमआईसी मेंबरों के साथ डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर दुर्ग के विकास का रोडमैप सौंपा हैं। मेयर ने दुर्ग शहर के चौदह विकास कार्यो का एंजेडा बनाकर करीब 127 करोड की राशि स्वीकृत करने की मांग मंत्री से की हैं। नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सर्किट हाउस में शहर के विकास के लिए डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर विकास के विभिन्न कार्यो के लिए राशि देने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान महापौर ने बताया कि, शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण, डब्लू.एम.एम. तथा पेंच रिपेयर कार्यों की अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत दुर्ग शहर के मुख्य मार्गों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण के 14 कार्यों के लिये प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अनुरोध हैं। अधोसंरचना मद अंतर्गत प्रस्ताव के अनुरूप सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति एवं अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, गायत्री वर्मा,रजनीश श्रीवास्तव, संभव जैन सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### इन कार्यों के लिए मांगी गई राशि

इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग सहित वार्ड 3 व 4 गया नगर, खेल मैदान का विकास व उन्नयन कार्य, वार्ड 18 जवाहर नगर खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य, वार्ड 53 महावीर खेल मैदान पोटिया एवं वार्ड 54 पोटिया दशहरा मैदान स्थित खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग की। वहीं जलकार्य विभाग के तहत पेयजल व्यवस्था करने 3 स्थानों पर पानी टंकी निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट में पम्प व पैनल कार्य, पाइप लाइन विस्तर, पानी टैंकर के अलावा नल कनेक्शन शिफ्टिंग कार्य भी शामिल हैं। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण डब्लूएमएम तथा पेज रिपेयर के 31 कार्यो अधोसंरचना मद से स्वीकृति की मांग पत्र सौंपा गया।



**शहर के तालाबों का भी होगा सौंदर्यीकरण:** राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत तालाबो के विकास व सौंदर्यीकरण करने हरणाबाँधा तालाब, शक्ति नगर तालाब, कैलाश नगर तालाब,पोलसाय पारा तालाब, बोरसी शीतला तालाब, बघेरा डोगिया तालाब, पुलगांव तालाब, बाधा तालाब उरला सहित कातुलबोर्ड शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दो स्थानों पर शौचालय निर्माण कार्यो के लिए वार्ड 31 पटेल चौक के पास पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए राशि की मांग की है। वहीं वार्ड 30 इंदिरा मार्केट में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

## टैक्स वसूली शिविर में करदाताओं की शिकायत से खुल रही पोल, बढ़ रहा गुस्सा

# गड़बड़ी: फोन पे और चेक से टैक्स लेकर स्पैरो ने रिकार्ड में नहीं चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

*पिछले सात साल तक नगरनिगम में टैक्स की वसूली करने वाले स्पैरों कंपनी ने जमकर आर्थिक अनियमितता की हैं। निगम द्वारा लगाए गए शिविर में पीडित पहुंच रहे है। जहां उनके द्वारा स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों को फोन पे और चेक के जरिए भुगतान किए जाने की रसीद दिखाई जा रही है। लेकिन इस राशि को स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों ने रिकार्ड में ही दर्ज नही किया है। रिकार्ड में गडबडी कर लाखों रूपए के आर्थिक अनियमितता किया गया हैं।*

हरिभूमि सरोकार

नगरनिगम द्वारा लगाए गए शिविर में अब तक 26 पीड़ति करदाताओं की शिकायत दर्ज कराई हैं। किसी ने फोनपे, तो किसी ने चेक व ऑनलाइन के माध्यम से स्पैरो कम्पनी को टैक्स जमा किया हैं। करदाताओं के पास बकायदा रसीद भी है। गडबडी की पोल खुलने के बाद भी निगम द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं। कार्यवाही के बजाय शिविर के जरिए निगम प्रशासन रिकार्ड सेटलमेंट कराने में लगी हैं। निगम में विगत 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक करदाता पीड़तिों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया गया है। शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद हैं। कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद लेकर पीड़ति करदाता बड़ी संख्या में पहुच रहें है। विगत तीन दिन के शिविर में 26 करदाताओं से स्पैरो कम्पनी द्वारा टैक्स लेने के बाद भी 1 लाख 76584 रुपये की राशि जांच में पेंडिंग बताया जा रहा, जिसका कोई रिकार्ड दर्ज नही हैं।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं। जब राजस्व अधिकारी वार्ड में वसूली करने पहुंच रहे है तो उन्हें करदाता टैक्स भुगतान स्पैरों कंपनी को करने की बात कही जा रही है। जानकारी अनुसार अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं।



### सबूत लेकर पहुंच रहे पीड़ित करदाता

इस मामले की कार्यवाही के लिए करदाताओं से रसीद साथ लेकर शिविर में आने की अपील की है। नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगाया गया है। इस क्रम में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता रहे है।

### इस तरह की आ रही समस्याएं

नगरनिगम के शिविर में निर्णय देवांगन को 16 मार्च 2023 का फोन पे के माध्यम से पैसा दिया गया, लेकिन रिकार्ड दुरूस्त नही हैं। नेमीचंद को 10 जून 2024 पेमेंट ऑनलाइन के माध्यम से दिया गया है। कई प्रकरणों में रसीद भी करदाता लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन स्पैरों कंपनी ने निगम के पंजी पुस्तिका में राशि दर्ज नही की हैं। नेमीचंद को 31 अक्टूबर 2023 पेमेंट आनलाइन के माध्यम से दिया गया है। इन्होने बताया कि, संदीप चन्द्रकर को पैसा देने की बात बताई हैं। कई प्रकरण में रसीद है, लेकिन रिकोड में सो नहीं हो रहा है। अब देखना हैं कि, आगामी 21 अप्रैल तक और कितने शिकायत आएंगे।

### साठ लाख की मिली अब तक गड़बड़ी

जानकारी अनुसार निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि, स्पैरों कंपनी को लेकर अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं। विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव पास किया गया था। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा ऐसी कोई कार्यवाही नही की गई है। बल्कि शिविर के जरिए पीड़ितों से रसीद मांगी जा रही हैं। बता दे कि स्पैरो कंपनी की निविदा समाप्त हो चुकी है। इसके बाद अनियमितता सामने आ रही है।

# अधिवक्ता से ठगी के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायलय की वरिष्ठ अधिवक्ता को फर्जी सीबीआई अफसर बनकर 41 लाख रूपए ठगने के मामले में गिरफ्तार गुजरात के आरोपी अशरफ खान पिता महबूब भाई कोढिया की जमानत याचिका प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ ने खारिज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया कुमारी फरिहा अमीन को एक वीडियो कॉल आया। जिसमें उसे कहा गया कि, वह दिल्ली सीबीआई ऑफिस से बोल रहे हैं।

एसबीआई बैंक में कुछ खाता धारकों के खाते में 7 करोड रुपए जमा हुए हैं। इसमें एक आपका भी खाता है। आपको तुरंत सीबीआई ऑफिस दिल्ली में उपस्थित होना पड़ेगा। जब पीड़िता परेशान हो गई, तब आरोपियों ने झांसे में लेते हुए उसे अलग-अलग किस्तों में रकम लेना प्रारंभ किया। आरोपियों ने 22 जनवरी से 4 फरवरी के बीच अलग-अलग खातों में पीड़िता से 41 लाख रुपए वसूल कर लिए। इसके बाद फोन को बंद कर दिया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना दुर्ग कोतवाली द्वारा धारा 318(4), 3(5) बीएनएस 05 फरवरी को अपराध पंजीबध्द किया गया। विवेचना के दौरान धारा 318(4), 317(2), 317(4), 61(2)(ए), 3(5) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी अशरफ खान पिता महबूब भाई कोढिया को 30 मार्च को निरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में समक्ष 2 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया।

- 41 लाख रूपए फर्जी सीबीआई बनकर खाते में कराया था ट्रांसफर

आरोपी अभी दुर्ग केन्द्रिय जेल में निरूध्द है। आरोपी ने प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ की अदालत में जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जमानत आवेदन पर न्यायलय ने विचार करते हुए मामले को बेहद गंभीर प्रकृति का मानते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। पीडिता अधिवक्ता कुमारी फरिया अमीन कुरैशी की ओर से अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने जमानत आवेदन का तर्क संगत विरोध दर्ज कराया था।

### जी कामेश्वर ने जीता एक रजत व कांस्य पदक



**दुर्ग।** चौथी खेलो मास्टर्स नई दिल्ली में जी. कामेश्वर जिला दुर्ग ने छत्तीसगढ़ की ओर से 400 मीटर की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक एवं 100 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया। जी. कामेश्वर वर्तमान में पुलिस विभाग जिला दुर्ग में कार्यरत है, छत्तीसगढ़ ओलंपिक स्टार रह चुके कामेश्वर पूर्व में भी कई नेशनल खेलो में पुलिस खेलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कई मेडल जीतकर पुलिस विभाग व राज्य को गौरान्वित किया है। इन्होंने इस सफलता का श्रेय पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला एवं उप पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी निर्मल यादव को दिया है।

# शहर भीषण जलसंकट से जूझ रहा: वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पूर्व विधायक अरुण वोरा ने चेताया, शहर को पानी दो, नहीं तो उग्र आंदोलन

भीषण गर्मी और नियमित जलापूर्ति बाधित होने के चलते दुर्ग शहर के अनेक क्षेत्रों में जलसंकट गहराता जा रहा है। नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकों की सफाई और पंपिंग स्टेशन के रखरखाव के नाम पर जलापूर्ति बंद की गई है। जिससे शहर के दर्जनों वार्डों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नागरिकों को टैंकरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि, सरकार की नाकामी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। पानी की अनुपलब्धता के कारण नागरिकों को सुबह से ही बाल्टियाँ लेकर पंक्ति में लगना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में कई दिनों से पानी नहीं आया है, और जहाँ आ भी रहा है, वहाँ बहुत कम दबाव से परेशानी है। इस संकट की वजह को लेकर वोरा ने कहा कि गर्मी के मौसम की शुरुआत से पहले जलसंकट से निपटने के लिए कोई तैयारी क्यों नहीं की गई। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद पप्पू श्रीवास्तव, कन्या धीमर, लोकेश चक्रधारी और अजीत कुटेल ने प्रभावित वार्ड का निरिक्षण भी किया। शहर के वार्ड 24 से लेकर वार्ड 57 तक के दर्जनों क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।



# एनडीआरएफ ने आपदा से राहत व बचाव का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एनडीआरएफ के द्वारा आपदा से निपटने को लेकर लोगों को सभागार में गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मौके पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू अधिकारी, कर्मचारी मौजूद उपस्थिति थे।

नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ कटक ओडिशा की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर विकास शर्मा एवं उनके टीम कर रहे थे। इस दौरान प्रखंड और अंचल कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी।

## पीएम आवास योजना के अंतर्गत किया सर्वेक्षण मोर आवास मोर अधिकार

# छूटे हुए परिवार को आवास देने पखवाड़े में जुड़ेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छुटे हुए परिवार का नाम जोड़ा जाएगा। आगामी तीस अप्रैल तक चलने वाले शिविर में ऐसे हितग्राहियों के नाम एप के जरिए जोडा जा रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत सर्वेक्षण पखवाड़ा ग्राम पंचायत कातरो जनपद पंचायत दुर्ग में आयोजित किया गया।

पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मोर दुआर-साय सरकार आवास प्लस 2.0 ऐप से सर्वे में जोड़ा गया। सांकेतिक रूप से परिवारों का सर्वेक्षण कर ऐप के माध्यम से नाम जोड़ा गया। सांसद विजय बघेल ने बताया कि, जिले में मोर दुआर-साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवारों 30 अप्रैल तक जुड़वा सकते हैं।



### सचिव हड़ताल पर सर्वे का कार्य ठप

जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वे सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। लेकिन पिछले महिनेभर से प्रदेशभर के सचिव हडताल पर है। ऐसे में पीएम आवास का सर्वे कार्य ठप हैं। यही कारण हैं कि प्रशासन आवास सॉफ्ट पोर्टल माध्यम से हितग्राहियों को सर्वे करने प्रेरित कर रही हैं।

### हितग्राही भी कर सकते हैं सर्वे

आवास प्लस 2.0 ऐप से हितग्राही भी एप के माध्यम से सर्वे कर सकते हैं। वही ग्राम पंचायत कातरों जनपद पंचायत दुर्ग में आवास सर्वे पखवाडा का शुभारंभ किया गया। हितग्राही अमरिका, रभा साहू, निर्मला, कुर्ती साहू, कुलन्द्री, खिलेश्वरी देवांगन, प्रेमलाल का एप्प के माध्यम से आवास सर्वे में जोड़ा गया एवं सांकेतिक रूप से परिवार का सर्वेक्षण किया गया। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने बताया कि, राज्य में ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा रही है, जो पूर्व की स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए पात्र परिवारों को योजनांतर्गत लाभ देने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### न्योता भोज में बच्चों के खिल उठे चेहरे

**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी, संकुल केंद्र बठेना के प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार साहू शिक्षादूत ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर केक काटकर एवं खीर-पुरी, दाल, चावल, सब्जी के साथ बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में बालवाड़ी के सभी बच्चे सम्मिलित हुए। प्रधान पाठक साहू ने बताया कि प्रत्येक माह बच्चों की जन्मदिवस कार्यक्रम केक काटकर एवं बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान कर विद्यालय स्तर पर मनाया जाता है। न्योता भोज कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य योगेश्वरी वर्मा, सहायक शिक्षिका दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे पंच कृष्णा यादव, शिक्षाविद् एमएल चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, राधिका कुर्रे, चित्ररेखा कुर्रे, दुर्गा यादव, बिसवंतीन बंजारे एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी उपस्थित थे।

### वाटर कूलर लगने से बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी



**सेलूद।** एसएमएस कम्पनी सिक्स लेन सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा जनहित के उपयोगी काम के तहत गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद व शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक सेलूद में वाटर कुलर की सौगात दिया गया। इस अवसर पर सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि वाटर कुलर लगने से बच्चों को इस अप्रैल महीने की प्रचंड गर्मी में स्कूल में ही ठंडे पानी पीने की सुविधा मिलेगा। साथ ही इससे बच्चों व शिक्षकों के स्वास्थ्य पर अनुकूल असर पड़ेगा और बच्चों के स्वास्थ्य ठीक रहने में मदद मिलेगा। कम्पनी के द्वारा इस तरह के सेवा कार्य करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेलूद सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, जनरल मैनेजर एसएमएस कम्पनी विश्वनाथन, सरिता कुंजाम, नीरा वर्मा, वरिष्ठ पंच रमेश कश्यप, शिक्षक वीरेन्द्र चंद्राकर, संजय यादव, मन्नु यदु, गौरी साहू, जितेंद्र ठाकुर, संकुल समन्वयक योगेश कुमार साहू, लोचन यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषण को दूर करने लगातार कर रही प्रयास

# पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम से कुपोषण से सुपोषित हो रहे बच्चे, लोग हो रहे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। इस कार्ययोजना के तहत सभी कुपोषित बच्चों के यहां प्रभावी गृहभेट करने के निर्देश दिए गए। एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन जिला दुर्ग के कुपोषण मुक्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायत असोगा के आंगनबाड़ी केंद्र असोगा केंद्र क्रमांक 1 की कहानी है। जिसमें कुपोषित बच्चे आज सुपोषित होकर स्वस्थ्य तथा निरोगी है।

पिता हेमंत जांगड़े और माता पूर्णिमा जांगड़े ग्राम असोगा के दो जुड़वा बच्चे लड़का ईशान जिसका वजन जन्म के समय मात्र 1.5 किलोग्राम और लड़की इशानी का वजन मात्र 1.4 किलोग्राम था, जिसके कारण वे दोनों

### कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने असोगा में बनाई कार्ययोजना



बच्चे अतिगंभीर कुपोषण के शिकार थे। वहीं बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से नहीं हो रहा था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के सतत निगरानी में रहे एवं पोषण युक्त भोजन, रेडी टू इट का नियमित सेवन और घर में ही निर्मित खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल और कार्यकर्ता राधा देवांगन के लगातार सतत गृहभेट से आज दोनों ही बच्चे सुपोषित हो गए हैं।

नियमित गृहभेट कर माता को नियमित स्तनपान की सलाह दी। 6 माह बाद ऊपरी आहार जिसमें रेडी टू ईट (आरटीई) से बने लड्डु, दलिया, फल, भाजी खाने की सलाह दी ताकि बच्चों को जरूरी पोषक तत्व मिल सके। पर्यवेक्षक कंचन माहेश्वरी ने भी नियमित निगरानी और समय-समय पर वजन ऊंचाई लेकर ग्रोथ चार्ट द्वारा माता-पिता को पोषण सलाह दी। आज यह बच्चे कुपोषण से बाहर है और एकदम स्वस्थ है वहीं अभी ईशान का वजन 8.2 किलोग्राम और ऊंचाई 74 सेमी तथा इशानी का वजन 7.5 किलोग्राम एवं उंचाई 72 सेमी है। दोनों बच्चे अभी 1 वर्ष 2 माह के हैं। आज दोनों जुड़वा बच्चे के माता-पिता बच्चे के सुपोषित होने से बहुत खुश है।

### गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई की रस्म



**पाटन।** सेक्टर दरबार मोख़ली के ग्राम कुर्मीगुंडरा में गुरुवार को पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिला का गोद भराई, स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माताओं को सम्मानित किया गया, पौष्टिक व्यंजन की प्रदर्शनी रखी गई। वहीं पोषण पखवाड़े के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच रुपेश कुर्रे, उपसरपंच दिलीप वर्मा, पंचगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डीगेश्वरी, दिनेश्वरी, दीपिका, पूर्णिमा उपस्थित थे। पर्यवेक्षक समता सिंह द्वारा पौष्टिक आरटीई के व्यंजन बनाने की विधि, खान-पान संबंधित सलाह दी गई।

### तिरगा में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 तिरगा में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें कार्यकर्ता नेहा तिवारी, सहायिका निर्मला, गर्भवती माता, धात्री माता, कुपोषित बच्चों के पालकों को पोषण पखवाड़ा में शामिल कर उन्हें उनके बच्चों की उम्र के अनुसार वजन, ऊंचाई कितना होना चाहिए, अपने बच्चों की देखभाल कैसे करे जिससे हमारे बच्चे कुपोषण से मुक्त हो, आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले प्रतिमाह रेडी टू ईट का उपयोग किए जाने, उससे बनाए जाने वाले रेसिपी जैसे कि हलवा, फरा, भजिया, लड्डू, रोटी, केक, चिला, बच्चों की रुचि के अनुसार व्यंजन बनाने को बताया गया। रोजाना बच्चों को एक निश्चित मात्रा में रेडी टू ईट खिलाने को प्रेरित किया गया।

## बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर किये समाजिक सुधार कार्य: डॉ.नंदा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाया गया। मां सरस्वती व बाबा साहब की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। उद्बोधन की कड़ी में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडावी ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों और भारतीय संविधान की निर्माण में दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया और इसके महत्व को बताया इसके पश्चात बाबा साहेब को नमन करते हुए अधिकारों की रक्षा के लिए किये गए कार्यों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर संगठन बनाकर डॉ. अम्बेडकर ने जो समाजिक सुधार कार्य किये हैं उनको आदर्श मानते हुए विद्यार्थियों को आत्मसात करने की बात कही। वहीं आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए राजनीति विभाग और छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। एमए द्वितीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान के छात्र आकाश भट्ट ने डॉ. अम्बेडकर की जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओ को बिंदुवार बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अतिथि व्याख्याता चंद्रशेखर देवांगन ने जाति व्यवस्था से उत्पन्न समस्याओं के समाधान में और भारतीय संविधान निर्माण और समाजिक समानता के लिए डॉ. अम्बेडकर के योगदान को विस्तार से बताया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसके भारती ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा और समस्त छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किरण बंछोर जनभगीदारी प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

■ शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत की प्रस्तावना का वाचन किया

# राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में 80 प्रतिभावान व्यक्ति हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा धमतरी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर फेलोशिप अवार्ड 2025 से अनिल साहू सम्मानित हुए। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम गोडवाना भवन धमतरी में संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ से 80 प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें दुर्ग जिला नगर पंचायत पाटन से अनिल साहू को उत्कृष्ट पत्रकारिता, समाज सेवा समाजिक संगठन, अंधश्रद्धा निर्मूलन, नशाबंदी, व्यक्तित्व विकास एवं समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में बहु आयामी रचनात्मक माध्यमों से सकारात्मक परिवर्तन व

■ अकादमी के पदाधिकारियों व अतिथियों ने अनिल को दी बधाई



महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो उत्कृष्ट एवं प्रभावोत्पादक है। जिसके लिए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर फेलोशिप अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी संरक्षक सुशीला देवी, वाल्मीकि प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे, महासचिव प्रेमसाइमन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने कहा कि अनिल साहू पत्रकारिता, समाज सेवक के साथ सरल, सहज, व्यक्तित्व के धनी है व समाजिक संगठन चलाकर जनसमस्याओं को लेकर मुहीम चलाते हैं।

अकादमी के पदाधिकारियों व अतिथियों ने अनिल साहू को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। अनिल साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया व ऐसे ही निरंतर कार्य करने की आश्वासन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जीसी भारद्वाज प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खरौद जांजगीर, अध्यक्षता सुशीला देवी वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार ठाकुर लीक कला मर्मज्ञ रायपुर, राममिलन रावते शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, पारस दास मानिकपुरी सामाजिक कार्यकर्ता दल्ली राजहरा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने किया।

## भाजपा सरकार लोगों को परोस रही शराब, नई दुकानें खुलने से फैलेगी अव्यवस्था: केशव बंटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने दुर्ग ग्रामीण के दो जगहों सहित जिले के अन्य इलाकों में सरकार शराब की दुकानें खोलने जा रही है। इससे जिले में अव्यवस्था फैलेगी। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब उस समय कांग्रेस की सरकार ने लोगों के लिए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल खोलने के साथ-साथ राज्य में विकास के काम किए थे, लेकिन अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तो भाजपा सरकार ने प्रदेश में स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों को बंद कर नई शराब दुकानें खोलने में लगी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग भिलाई जैसे जगहों में सरकार शराब दुकानें खोलनें जा रही हैं। इससे जिले में अव्यवस्था और अशांति फैलेगी। कांग्रेस नेता बंटी हरमुख ने भाजपा के अपने चुनावी घोषणा पत्र को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में कहा गया था कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो शराब दुकानों को कम करने का काम करेंगे, लेकिन भाजपा सरकार अब जिले के साथ साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर शराब दुकानें खोलने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज किशोर उम्र से लेकर युवा, बड़े, बुजुर्ग हर वर्ग शराब के नशे में डूब चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सबसे ज्यादा शराब की खपत छत्तीसगढ़ में हो रही है। शराब के कारण घरेलू हिंसा, मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म, चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार, लूट जैसे वारदात प्रदेश में चरम पर है। गांव से लेकर शहर तक गली मोहल्लों में शराबियों के हुड़दंग से महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। प्रदेश के इस भयावह स्थिति पर भाजपा के तमाम नेता, महिला मोर्चा की बहनें खामोश हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भी भाजपा सरकार ने बड़े स्तर पर शराब दुकानें खोली थी और आने वाले नए वित्त वर्ष में 67 और नई शराब दुकानें खोलने जा रही हैं, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। क्षेत्र में और शराब दुकानें खोलने से जिले में अव्यवस्था फैलेगी इसलिए भाजपा सरकार को चाहिए कि अव्यवस्था को रोकने के लिए नए शराब दुकान खोलने के फैसले को वापस ले, अन्यथा जिले में खोले जाने वाले नए शराब दुकान के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



■ नए शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रदर्शन की दी चेतावनी

### बिजनेस साइट

## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मुम्बई के अस्पताल टाटा मेमोरियल ने किया कैम्पस सलेक्शन



**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में टीएमसी कोलकाता (ब्रांच टाटा मेमोरियल कैंसर सेंटर, मुम्बई) द्वारा कैम्पस सलेक्शन हुआ यह हॉस्पिटल 437 बेड का है, यह वर्ल्ड क्लास कैंसर केयर सेंटर है, यहां बिना प्रॉफिट मरीजों का इलाज किया जाता है। इस दौरान बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के 44 बच्चों ने भाग लिया। यह प्रक्रिया दो चरणों में हुई पहले चरण में छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा हुई एवं द्वितीय चरण में इंटरव्यू हुआ इंटरव्यू के लिए टीएमसी तीन सदस्यीय टीम आई थी जिन्होने इस प्रकिया को पूर्ण किया। इस अवसर पर सिंधु अनिल मेनन डायरेक्टर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कॉलेज की प्राचार्या शैलजा अनिक, उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार मौजूद रही। उन्होने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर गंगाजली ऐजुकेशन सोसायटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे कॉलेज के लिए बहुत ही गर्व की बात है, इससे बच्चों को अपने आप को साबित करने का मौका मिलेगा साथ ही उनको नये-नये अवसर प्राप्त होंगे और उनका नर्सिंग के प्रति उत्साह बढ़ेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस शिविर में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के विकास ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अंडा।** राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंबिकापुर जिले में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शैलदेवी महाविद्यालय के युवा स्वयंसेवक विकास कुमार (समाजकार्य) ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह शिविर 21 मार्च से 27 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया गया। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के 9 विश्वविद्यालयों से आए युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया और समाज सेवा, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी। शिविर के दौरान विकास कुमार ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया और समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। शिविर समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, जैनेंद्र दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, शैलदेवी महाविद्यालय के संचालक राजन कुमार दुबे, संयुक्त संचालिका डॉ. रजनी राय, प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा, सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी योगिता नशीने ने विकास कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि ऐसे शिविर युवा पीढ़ी को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नैक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालयीन कार्यों के साथ आपसी सामंजस्य जरूरी: डॉ. गोवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुम्हारी

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी का गठन 15 अप्रैल को किया गया। इस अवसर पर डॉ. गोवर्धन यदु सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग छग, उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि व आइक्यूएसी के मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे व व्याख्यान दिए। डॉ. गोवर्धन यदु स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में गठित आइक्यूएसी के एक्सटर्नल सदस्य भी हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में दैनंदिनी के व्यवस्थित लेखन के महत्व को समझाया व विस्तार से चर्चा किया तथा सुव्यवस्थित पाठ योजना तैयार किए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए इसके साथ ही एनईपी 2020 पर प्रतिमाह चर्चा-परिचर्चा करने पर जोर दिए। आगामी समय में महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) का ग्रेडेशन किया जाना है। इसके लिए ग्रेडेशन में अनिवार्य सात मापदंडों पर विस्तार से समझाइश दिए और कहा कि नैक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालयीन विभिन्न कार्यों के साथ-साथ आपसी सामंजस्य भी अत्यंत आवश्यक है, इसमें विद्यार्थियों की भी सहभागिता आवश्यक है। क्योंकि विद्यार्थी ही नैक का आधार स्तंभ होते हैं। इस अवसर पर रोजगार प्रदाता के प्रतिनिधि नटराज कच्ची घानी के प्रबंधक ने अपने वक्तव्य में कच्ची घानी के तेल के फायदों से अवगत कराया तथा स्वरोजगार के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने डॉ.गोवर्धन यदु व अन्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आईक्यूएसी के महत्व को संक्षेप में व्याख्यायित किया। इस अवसर पर समस्त सहायक प्राध्यापक कार्यालयीन कर्मचारी, भूतपूर्व विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

■ स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में आईक्यूएसी का गठन

### कर्मा महोत्सव 20 को

**अंडा।** तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 20 अप्रैल को ग्राम कोनारी में होगा। भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का आयोजन किया 20 अप्रैल को किया जायेगा।

## लोगों की जीवनशैली, योगा प्राणायाम और संतुलित आहार की दी गई जानकारी

**अंडा।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरई के तत्वावधान में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संयोजक जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों का ब्लड प्रेशर जांच, शुगर जांच किया गया। साथ ही साथ जीवनशैली योगा प्राणायाम व संतुलित आहार शैली की जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें कुल 143 मरीज लाभान्वित हुए। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच ओमेश्वर (राजू) यादव, भाना बाई ठाकुर, शिव कुमारी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य, रवि साहू, पंच उत्तम चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. टिकेश्वरी गनवीर, डॉ. गीतांजलि साहू, डॉ. अमित साहू, प्रकाश सिंह ठाकुर, सीमा दुबे, कमल लहरे, आयुषी पांडा, उज्ज्वल चौरसिया, सतवंतिन यादव, मितानिन बहने जानकी सिन्हा, रामकली साहू, बिंदु साहू, भागेश्वरी यादव, पूनम सिन्हा, कांति ढीमर अपनी सेवाएं दी। वहीं ग्रामीणजन नम्मू सिन्हा, मानिक लाल साहू, मिथलेश साहू उपस्थित थे।

■ शिविर में ग्रामवासियों का ब्लड प्रेशर, शुगर जांच किया गया





# सिक्स लेन के लिए जिन गांवों में अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी, वहां जमीन खरीदी-बिक्री शुरू

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किया आदेश, किसानों ने ली राहत की सांस, 7 साल पहले लगा प्रतिबंध हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टेडेसरा से होकर थनौद, रूदा, खाड़ा, हनोदा-धनोरा, उतई पाटन के रास्ते अभनपुर तक जाने वाली सिक्स लेन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस सड़क के आसपास की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक हटा दी है। लंबे समय से किसान अपनी जमीनों को जरुरत के समय भी बेच नहीं पा रहे हैं, कलेक्टर के इस निर्णय के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है। बता दें कि भारतमाला परियोजना के तहत करीब 92 किलोमीटर का नया बायपास बनाया जा रहा है। इसके लिए पिछले करीब 7 साल से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही थी। जानकारी के मुताबिक किसानों के मुआवजा प्रकरणों का निराकरण होने के बाद जमीन को खरीदी-बिक्री के लिए फ्री कर दिया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परियोजना निदेशक भारत माला परियोजना तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भारत माला परियोजना दुर्ग, पाटन से प्राप्त अभिमत के आधार पर भारत माला परियोजना अंतर्गत दुर्ग जिला के जिन प्रभावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन ग्रामों में खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इनमें दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खोपली, कोलिहापुरी और अनुभाग पाटन अंतर्गत ग्राम देमार, ग्राम छाटा, ग्राम गोडपेंड्री, ग्राम ठाकुराइनटोला, ग्राम तुलसी, ग्राम चंगोरी शामिल हैं। शेष प्रभावित ग्रामों जिनमें अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है, उनमें प्रतिबंध पूर्व की तरह यथावत रहेगा।

### दुर्ग ब्लॉक के 12 और पाटन के 13 गांव की जमीन आ रही सिक्स लेन के जद में

अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग के 12 और पाटन के 13 गांव की जमीन सिक्स लेन के जद में आ रही थी। इस वजह से जमीन की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय का राजमार्ग 53 के अंतर्गत 0.00 किमी से 44.500 किमी तक 4/6 लेन सड़क निर्माण से के तहत दुर्ग-रायपुर बायपास निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्रामों के प्रभावित खसरों के दोनों ओर की 100 मीटर तक की भूमि की खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन पर आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया था। इनमें से कुछ गांवों से खरीदी बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है।



### 2282 से ज्यादा किसानों से ली गई जमीन

जानकारी के मुताबिक प्रोजेक्ट के लिए 2282 से ज्यादा किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। किसानों की 746.61 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहित की गई है। दुर्ग तहसील के 12 गांव के 635 किसानों, पाटन तहसील के 13 गांव के 714 किसानों, राजनांदगांव तहसील के दो गांव, रायपुर जिले के अभनपुर तहसील के 15 गांव, आरंग तहसील के 19 गांव के किसानों की जमीन अधिगृहित की गई है। किसानों को मुआवजे रूप में करीब 704 करोड़ रुपए का भुगतान किया निर्धारित किया गया था। बता दें कि 92.5 किमी लंबी दुर्ग- रायपुर बायपास सड़क बनाने के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया 2018 में ही पूरी हो चुकी है। मुआवजे की वजह से मामला लगातार अटकते रहा।

## खबर संक्षेप



### जीपीएल ट्राफी में जय हिंद का कब्जा

**भिलाई।** क्रिकेट क्लब गनियारी के द्वारा आयोजित जीपीएल ट्रॉफी गनियारी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान समापन में जीपीएस ट्रॉफी में प्रेम लाल साहू की कप्तानी वाली टीम जय हिंद इलेवन ने अखिलेश साहू की कप्तानी वाली टीम चेस इलेवन को रोमांचक मुकाबले में हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रेम लाल साहू की कप्तानी वाली जय हिंद इलेवन, अखिलेश साहू की कप्तानी वाली चेस इलेवन, चिंता राम ठाकुर की कप्तानी वाली वीर नारायण सिंह इलेवन, निर्मल कोसरे की कप्तानी वाली सी जी मास्टर इलेवन, भीखम साहू की कप्तानी वाली वंदे भारत इलेवन, मंगलू ढीमर की कप्तानी वाली पार्थ इलेवन, और राजेश बघेल की कप्तानी वाली शिवाजी इलेवन टीम तैयार कर लीग पद्धति से मैच खेला गया। शहीद वीर नारायण सिंह इलेवन और सीजी मास्टर इलेवन आठ-आठ अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी। 6-6 अंकों के साथ जय हिंद, चेस इलेवन, पार्थ इलेवन की टीम थी। तीनों टीम का लाट निकला गया जिसमें चेस इलेवन लाट पद्धति से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबकि जय हिंद इलेवन ने पार्थ इलेवन को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची। जय हिंद इलेवन व चेस इलेवन ने अपने प्रतद्विंदी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में निर्मल कोसरे, प्रेमलाल साहू, धर्मेंद्र कोसरे, राजेश बघेल, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, गजानंद गोस्वामी, लता ठाकुर भी मौजूद थी।

### सामूहिक विवाह, जात्र अनुष्ठान के लिए दी वित्तीय सहायता

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, अपने निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बीएसपी के रावघाट लौह अयस्क खदान द्वारा रावघाट लौह अयस्क परियोजना के तहत मुख्य महाप्रबंधक रावघाट अरूण कुमार और महाप्रबंधक रावघाटअनुपम बिष्ट के प्रयासों से खड़कागांव एवं बिंजली ग्राम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ग्राम बिजली की सरपंच गमिता कुमेटी को 50,000 रूपए तथा खड़कागांव की सरपंच जुनाय सलाम को ग्राम में जात्र अनुष्ठान के आयोजन के लिए 50,000 रूपए का चेक सहायक महाप्रबंधक रावघाट डीएन रस्तोगी द्वारा सौंपा गया।

## अस्तित्व पर संकट: पूरा साल पानी से लबालब रहने वाली शिवनाथ का पानी इस बार पीने लायक नहीं

# शिवनाथ बदहाल...कैमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा, मर रही मछलियां, नदी गंदगी से अटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रशासनिक अनदेखी के चलते इस बार जीवनदायिनी शिवनाथ जिले के कई तटों पर पूरी तरह से सूख गई है। आलम यह है कि पानी पूरी तरह से मथा गया है, या जलकुंभी से हटा हुआ है। इस बीच समोदा नाले के रास्ते कैमिकल युक्त पानी नदी में पहुंच रहा है। इतना ही नहीं कचरा और गंदगी से पूरी नदी अटी पड़ी है। हालत ऐसी है कि नदी का पानी आज पीने लायक भी नहीं रह गया है। नदी के सूखने से नदी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर औसतन 25 मीटर तक नीचे पहुंच गया है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं महामरा एनीकट, कोनारी-भरदा के पास भी पानी को रोककर रखा गया है, वह भी गंदा और मटमैला है। विशेषज्ञों की मानें तो शिवनाथ नदी की इतनी बुरी हालत आज से पहले कभी इतनी खराब नहीं हुई। यही हालत रही, तो आने वाले समय में शिवनाथ नदी के अस्तित्व पर ही संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से नदी की व्यवस्था सुधार की मांग की है। बता दें कि दुर्ग-भिलाई की करीब 11 लाख की आबादी तक शिवनाथ नदी का पानी पहुंचता है। रेलवे से लेकर अन्य औद्योगिक क्षेत्रों को भी शिवनाथ से पानी मिल रहा है। दुर्ग जिले के अलावा बेमेतरा जिले में शिवनाथ नदी का पानी पहुंचता है। वर्तमान में इसकी बुरी हालत से दोनों जिलों में जल संकट के हालात बन गए हैं।

**जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में, 11 लाख की आबादी की जीवनदायिनी है शिवनाथ नदी**





### उरला के रास्ते शंकरनाला का पानी पहुंच रहा नदी

शंकरनाला के रास्ते सीवरेज और निस्तारी का गंदा पानी उरला होते हुए शिवनाथ नदी तक पहुंच रहा है। कोटनी गांव की स्थिति और भी खराब है। यहां दुर्ग शहर का शंकर नगर क्षेत्र से निकलने वाला एक बड़ा नाला सीधे शिवनाथ में गिरता है। नदी के चारों ओर सिर्फ गंदगी, पॉलीथिन और कचरे का अंबार है। निगम के सफाई विभाग ने कामचोरी कर शंकरनाले और नदी के आसपास बड़ी मात्रा में कचरा डंप कर दिया है। नियमों के अनुसार औद्योगिक प्रदूषित पानी का ट्रीटमेंट जरूरी है, लेकिन अब तक शिवनाथ नदी के मामले में अनदेखी की गई है।



### एनजीटी की फटकार का भी असर नहीं सिर्फ कार्ययोजना बनाकर खानापूर्ति

बता दें कि पिछले 10 वर्षों में एनजीटी द्वारा 7 बार से ज्यादा नोटिस जारी कर प्रदूषित होती शिवनाथ के पानी को सुरक्षित करने की हिदायत दी है। बावजूद इसके हर बार दुर्ग और भिलाई निगम द्वारा ट्रीटमेंट प्लांट की कार्ययोजना तैयार कर खानापूर्ति की जा रही है। ट्रीटमेंट प्लांट के नाम पर 10 से ज्यादा बार सर्वे कराया जा चुका है। दुर्ग निगम ने सर्वे के नाम पर हैदराबाद की कंपनी को अधिकृत भी किया था। कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजा भी गया, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली। करीब एक वर्ष पहले एनजीटी के निर्देश पर छग पर्यावरण संरक्षण मंडल ने शासन से नदियों के प्रदूषण पर अंकुश लगाने के दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी मांगी थी। इस पर नगरीय प्रशासन ने दुर्ग और भिलाई निगम को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद बताया गया कि दुर्ग में 60 एमएलडी और भिलाई में 115 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। लेकिन अब तक दोनों परियोजनाएं पूरी नहीं हो पाई।

### कैमिकलयुक्त पानी पहुंच रहा नदी, देखने वाला कोई नहीं

झेंझरी गांव में ग्रामीणों ने बताया कि भिलाई के औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाला औद्योगिक और घरेलू गंदा पानी कोसा नाला के जरिए समोदा नाले में पहुंचता है। जहां से यह सीधे शिवनाथ में बहा दिया जाता है। समोदा निवासी विनायक ताम्रकार ने बताया कि कई बार इसे लेकर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। शाम होते ही इस नाले में जहरीला पानी छोड़ा जाता है और रात के अंधेरे में कैमिकल टैंकर भी नदी में खाली किए जाते हैं। इसके बाद नदी में मछलियों की लाशें ऊफनती सुबह देखी जा सकती है। समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि रात के वक्त यहां भी टैंकर से केमिकल डाला जाता है। लोग डरते हैं, क्योंकि उनके परिवार के लोग इन्हीं फैक्ट्रियों में काम करते हैं इसलिए आवाज उठाना उनके लिए खतरे से खाली नहीं।

### शिवनाथ नदी के पानी की कराएंगे जांच



"शिवनाथ नदी के पानी की जांच कराएंगे, इसके लिए पीएचई के अधिकारियों को कहा जाएगा। रही बात उद्योगों द्वारा पानी छोड़े जाने की, तो इसे भी दिखाया जाएगा, यदि ऐसा किया जा रहा है, तो दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**अभिजीत सिंह**, कलेक्टर दुर्ग

## शिल्पकार बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर विश्वकर्मा से मिले दया



**भिलाई।** भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक प्रफुल्ल विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने विश्वकर्मा से मुलाकात की। राजनीतिक घटनाक्रम और बीएसपी से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

## छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विनय शर्मा द्वारा खींचे गए छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी 'दृष्टिकोण: कैमरे की नज़रों से' का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एके जोशी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक सम्पर्क, प्रशासन एवं जनसम्पर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसम्पर्क प्रशान्त तिवारी, आफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सेफी के चेयरमैन एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, तुषार सहित संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि एके जोशी ने प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा कि तस्वीरें जीवंत है। सभी फोटो एक कहानी कहती हैं। बहुत अच्छा प्रयास हैं। जनसंपर्क विभाग निरंतर कुछ न कुछ करता रहता है। विनय शर्मा को वाइल्डलाइफ और ट्रैवल फोटोग्राफी का विशेष अनुभव है। उनके छायाचित्रों की प्रदर्शनियां रायपुर, भिलाई, जगदलपुर और रायगढ़ जैसे स्थानों पर आयोजित हो चुकी हैं। छायाचित्रों के माध्यम से उन्होंने प्रकृति, संस्कृति और समाज के विविध रंगों को सजीव किया है। यह तीन दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 17 से 19 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

- 19 अप्रैल तक शाम 5 .30 बजे से रात्रि 8 .30 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी






By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


## कातरों में आयोजित समारोह में सर्वे अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया

# जिले में अब सबको मिलेगा पक्का आवास: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छूटे हुए पात्र परिवारों को भी अब प्रधानमंत्री आवास की योजना का पक्का आवास मिलेगा। दुर्ग जिले में इसके लिए पात्र परिवारों के सर्वे का अभियान शुरू हो गया है। सांसद विजय बघेल ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कातरों में आयोजित समारोह में इस सर्वे अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी के लिए कल्याणकारी योजनाए शुरू की है। अब कोई भी पात्र हितग्राही पक्का आवास पाने से वंचित नहीं रह जाएगा। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। पक्का आवास सबका सपना है। अब तक वर्ष 2011 के सर्वे में चयनित पात्र हितग्राहियों को ही प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र माना जा रहा है। इसके चलते हजारों की संख्या में ऐसे भी लोग हो गए थे, जोकि इस योजना का लाभ उठाने से वंचित हो जा रहे थे। इससे इस वर्ग के लोग में कतिपय निराशा थी। अब यह शिकायत दूर हो जाएगी। प्रधानमंत्री आवास के लिए फिर से सर्वे किया जा रहा है, जिनका भी घर कच्चा है। खपरैल वाला है, उन्हें अब नए सर्वे से सभी लोगों को छूटे हुए लोगों को भी पक्का आवास मिल सकेगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, अब कोई भी हितग्राही, पात्र हितग्राही पक्का आवास पाने से वंचित नहीं रह जाएगा। कातरो में आवास प्लस टू सर्वे अभियान शुरू हो गया है। इसके साथ गांव-गांव में टीम के लोग पहुंचेंगे और पक्का आवास के लिए पात्र हितग्राहियों को चयन होना शुरू हो गया है। आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे मौजूद थे।



### आवास 2.0 अभियान की शुरुआत, दी गई ऑनलाइन एप्लीकेशन की जानकारी



आयोजित कार्यक्रम में आवास 2.0 अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान ऑनलाइन एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने लोगों से बात की। ललित चंद्राकर ने कहा कि अब गांव के लोगों को भी सचेत रहने का वक्त है उन्हें भी सर्वे टीम के पास जाकर अपना नाम लिखवाना है। एप पर अपना आवेदन डाउनलोड करवाना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, श्रद्धा साहू, कुलेश्वरी देवांगन, राकेश हिरवानी, अजीत चंद्राकर, जितेंद्र टंडन सहित अन्य मौजूद थे।




7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 04 जून 2025, 26 जुलाई 2025, 13 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



डिजिटल फैशन

## लाइव इवेंट

### हाईकोर्ट की अधिवक्ता नौशिना अली को एलएलएम में स्वर्ण पदक



**भिलाई।** हाईकोर्ट बिलासपुर की अधिवक्ता नौशिना आफरीन अली को सत्र 2023-25 के लिए नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से एलएलएम में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने साइबर लॉ में विशेषज्ञता हासिल की है। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र को अब तक दिए गए सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में उपराज्यपाल और दिल्ली के मुख्यमंत्री से स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। नौशिना आफरीन अली छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। आयकर, एनएमडीसी, हाउसिंग बोर्ड, सीबीएसई, अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम आदि जैसे कई सरकारी विभागों, संगठनों के लिए वकील हैं। वे एक मान्यता प्राप्त मध्यस्थ भी हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सूचीबद्ध हैं। जरूरतमंदों और कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क मामलों का संचालन करती हैं। एमिकस-क्यूरी के रूप में न्यायालय की सहायता कर चुकी हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा दो बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय से एलएलबी की है। एक राष्ट्रीय स्कालर रह चुकी हैं। राष्ट्रपति के सम्मान गार्ड में एनसीसी टुकड़ी की कमान संभाल चुकी हैं। वह वर्तमान में वन बंधु परिषद के तत्वावधान में आदिवासी स्कूलों को गोद लेकर शिक्षा में शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

### कला अभिव्यक्ति का उद्यान, इसका उद्देश्य हर व्यक्ति का विकास : क्षीरसागर



**भिलाई।** वर्ल्ड कला दिवस पर बीएसपी आर्टिस्ट द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में कलाकार प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि यह दिवस मानव को रचनात्मक संवेदना और अभिव्यक्ति के सन्मान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम अभिव्यक्ति का उद्यानः कला के माध्यम से समुदाय का विकास करना है। एकता और उपचार के लिए कला विश्व कला दिवस हर वर्ष बदलते रहता है। कला किस प्रकार समाज और हमारे व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव डालता है। इसके विभिन्न पहलुओ पर ध्यान केंद्रित करती है। इस दिन कला के महत्व और इसकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जश्न मनाने का अवसर है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि कला न केवल संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखती है, बल्कि यह समाज में परिवर्तन लाने का माध्यम भी बन सकती है.

विश्व कला दिवस को औपचारिक रूप से यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह दिन प्रसिद्ध कलाकार लियोनार्डो द विंची के जन्मदिवस पर चुना गया है, क्योंकि उनकी कला और नवाचार विश्वभर में प्रेरणा का स्रोत हैं। इस दिन का मुख्य उद्देश्य कला को प्रोत्साहित करना और उसे समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। आयोजित कार्यक्रम में उमाकांत ठाकुर, गंगा राजू, प्रभु चरण, हरीश देवानंद, हेमलाल नायक, केके नसीने, मनोज शर्मा, प्रकाश कुमार कौशिक, चेतन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### एनएचएम में 38 पदों पर होगी भर्ती पात्र-अपात्र की दावा आपत्ति 26 तक

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग के अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 11 जनवरी को 38 पद के लिए आवेदन मंगाए गए। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने बताया कि जिन पदों में भर्तियां होनी है, उनमें जूनियर सेकेटेरियल असिस्टेंट-एनसीडी/एनएचएम फार्मासिस्ट एनयूएचएम, सेकेटेरियल असिस्टेंट एनएमएचपी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एनएमएचपी शामिल हैं। आए आवेदनों के आधार पर पात्र अपात्र की सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थी दावा आपत्ति ईमेल nhm-durgrecruitment<\@>gmail.com के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में 26 अप्रैल की शाम साढ़े 5 बजे तक कर सकते हैं। दावा आपत्ति अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित प्रपत्र में दावा आपूजित प्रेषित नहीं करने पर दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयावधि उपरांत दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। शेष पदों की दावा आपत्ति सूचना के लिएए अभ्यर्थी वेबसाइट से जानकारी ले सकते हैं।

● अमरनाथ के दर्शन के लिए पंजीकरण शुल्क 150 रुपए प्रति यात्री, समूह में 250 रुपए निर्धारित, ऑनलाइन भी करा सकते हैं पंजीयन

# बाबा बर्फानी दर्शन के लिए यात्रा 3 जुलाई से, स्लॉट बुकिंग के लिए दुर्ग जिले के भक्तों को रायपुर या नांदगांव से कराना होगा रजिस्ट्रेशन

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए यात्रा 3 जुलाई से शुरू हो रही है। इस बार 5 से 8 चरणों में अमरनाथ यात्रा की तैयारी है। इसे लेकर पंजीयन की प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू कर दी गई है। बता दें कि दुर्ग-भिलाई से प्रतिवर्ष 5 हजार से ज्यादा भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन को जाते हैं। इस बार भी उनमें खासा उत्साह है, लेकिन पंजीयन के लिए बैंक की सुविधा दुर्ग-भिलाई में नहीं होने से उनमें खासी निराशा है। जानकारी के मुताबिक इस बार रायपुर में तीन और राजनांदगांव में एक बैंक अधिकृत किया गया है। रायपुर के तीन बैंकों में पीएनबी कटोरा तालाब, जम्मू एंड कश्मीर बैंक जीई रोड, एसबीआई जय स्तंभ चौक शामिल है। राजनांदगांव में पीएनबी का रामदीन मार्ग शामिल है।



**भिलाई।** इसके अलावा ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पंजीयन के लिए अधिकृत डॉक्टर के परीक्षण की रिपोर्ट आवश्यक है। इसके अलावा निर्धारित पहचान पत्र भी जमा करना होगा। दुर्ग में जिला अस्पताल के दो चिकित्सक डॉ. देवेंद्र साहू और डॉ. तृप्ति तिवारी शामिल किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन को लेकर शहर में चर्चा शुरू हो गई है। लोग अलग-अलग समितियों के पास जानकारी लेने भी पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए यात्रियों की कतार लगनी शुरू हो गई है। बैंकों को प्रतिदिन 19 सीट के कोटे के हिसाब से रजिस्ट्रेशन स्लॉट दिए गए हैं। लेकिन रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या तीन गुना पहुंच रही है। प्रत्येक सदस्य का रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रुपए है। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। इस बार यात्रा की अवधि 38 दिन की है। इस बारे में सारी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई है। रजिस्ट्रेशन सुबह 10 से 4 बजे के बीच किया जा रहा है।

### वेबसाइट से करते हैं आवेदन फार्म डाउनलोड

नियमित रूप से अमरनाथ यात्रा करने वाले ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि वेबसाइट से फार्म डाउनलोड किया जाता है। उसमें मापदंड के अनुसार मेडिकल टेस्ट भी कराना होगा। इसके बाद आधार कार्ड की कॉपी लेकर फॉर्म जमा कराने बैंक जाना होगा है। यहां पर बायोमैट्रिक फिंगर से रजिस्ट्रेशन हो रहा है। अमरनाथ शाइन बोर्ड ने ग्रुप रजिस्ट्रेशन भी शुरू किए हैं, जो कि 31 मई तक होंगे। समूह में प्रति व्यक्ति रजिस्ट्रेशन शुल्क 250 रुपए है। ग्रुप में रजिस्ट्रेशन में 5 से 30 व्यक्तियों का समूह हो सकता है। अमरनाथ में पहलगांव और बालटाल में आवास, भोजन की निशुल्क व्यवस्था है। अमरनाथ यात्रा के लिए दुर्ग से पहला जत्था 30 जून और 1 जुलाई को निकलेगा।

### ट्विनसिटी से हर साल 5 हजार से ज्यादा भक्त करते हैं यात्रा

ट्विनसिटी सहित जिले से हर साल करीब 5 हजार भक्त बाबा अमरनाथ की यात्रा करते हैं। इस बार भी इसे लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। दुर्ग, भिलाई, पाटन, धमधा से जत्थे रवाना होते हैं। वर्तमान में भक्तों द्वारा लगाता पंजीयन को लेकर जानकारी ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक पंजीयन के लिए अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर जाएं। यात्रा के लिए लॉग इन और ई केवाईसी करें। हेल्थ सर्टिफिकेट अपलोड करें, स्लॉट बुक कर कार्ड प्राप्त करें। पैन-आधार कार्ड, मेडिकल सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक है।



# स्टूडेंट्स ने देखा शुगर प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग और मैनेजमेंट की बारीकियों को भी समझा

**भिलाई।** कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कबीरधाम जिले में मौजूद भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का भ्रमण किया गया। साथ ही भोरमदेव पुरातन मंदिर में पर्यटन की अपार संभावनाएं का अध्ययन किया गया। मत्स्य पालन की प्रक्रिया को समझा गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने शक्कर उद्योग में उत्पादन की प्रक्रिया, सहकारी समिति के अंतर्गत उद्योग का प्रबंधन, छत्तीसगढ़ में गन्ना उत्पादन एवं उसके उपयोग में कार्यरत श्रमिकों की कार्यदशा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। शक्कर कारखाने की ओर से प्रबंधक दिनेश कुमार बीसी ने अवलोकन के लिए अनुमति प्रदान की। कारखाने की ओर से प्रमुख अभियंता सुखपाल सिंह, मुकेश चंद्रवंशी एवं केके यादव ने विद्यार्थियों को हरेक प्रक्रिया को बारीकी से समझाया। इसमें प्रमुख रूप से उत्पादन, विपणन, वितरण,




भण्डारण और कार्यदशा की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। इसके बाद विद्यार्थियों, शोधार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

इस भ्रमण की उपादेयता यह थी कि विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ में शक्कर उत्पादन की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर इसके चरणों को सिखने का प्रयास किया। विद्यार्थियों ने भोरमदेव मंदिर का दर्शन किया। यहां ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक ज्ञान का बच्चों ने अनुभव प्राप्त किया। साथ ही इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरोदा बांध का भ्रमण कर बांध में मत्स्य पालन की प्रक्रिया को चरणबद्ध ढंग से समझा। यह शैक्षणिक भ्रमण वाणिज्य के विभागाध्यक्ष डॉ. सलीम अकील और प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के प्राध्यापकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# इंटर्नशिप में मिलेगा हर माह पांच हजार का मानदेय, आवेदन 22 तक

**भिलाई।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अमिताभ दुबे अतिरिक्त संचालक तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने की। योजना के नोडल प्रकाश पाण्डेय बैठक में मौजूद थे। रोजगार कार्यालय के उपसंचालक आरके कुर्रे, संयुक्त संचालक टीएस सतपुते, शासकीय एवं निजी इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई, स्कूल शिक्षा विभाग के कुल 32 प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। डॉ. दुबे ने सभी को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं तक पहुंचाने में पूर-जोर प्रयास करें। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के रिक्तियों को भी साझा किया। सभी प्रतिनिधियों से रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने अपूर्ण आवेदकों से सम्पर्क कर उन्हें इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए अपने आवेदन को पूर्ण करने पर जोर दिया। बताया गया कि भारत सरकार के कार्पोरेट उपक्रम में एक साल की अप्रेंटिशशिप में 5000 रुपएए प्रतिमाह मानदेय या एक वर्ष में 60 हजार रुपए का एक मुश्त मानदेय दिया जाएगा।अप्रेंटिशशिप नियमित नियुक्ति नहीं है।



## कार्नर न्यूज

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के प्रोफेसर्स किसानों को दे रहे प्रशिक्षण, अचानकपुर के किसान ने किया प्रयोग

# गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग, यूरिया से ज्यादा प्रभावी उत्पादन पांच गुना तक बढ़ेगा, किसान तैयार कर रहे खाद

जीरो बजट प्राकृतिक खेती यानि बिना पैसा खर्च किए खाद और कीटनाशक दवा तैयार कर खेत में फसल उगाना। इस जैविक खेती का कृषि विभाग और कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लगातार जिले के किसानों को प्रशिक्षण दे ररहे हैं। ग्रीष्मकालीन फसल में यही विधि अपनाई भी जा रही है। कृषि विभाग ने इसके लिए जिले में 1500 एकड़ का रकबा निर्धारित किया है, जिसमें 500 एकड़ ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जबकि एक हजार एकड़ खरीफ फसल का लक्ष्य तय है। निर्धारित रकबे में उत्पादन के आधार पर बदलाव भी किया जा सकता है। जिले के पाटन ब्लॉक के अचानकपुर गांव के किसान रोहित साहू ने गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद के रूप में शुरू भी कर दिया है। इससे उसे आशा के अनुरूप फायदा भी हुआ है। इस जानकारी के बाद छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज की फाइनल ईयर स्टूडेंट आस्था सोनी भी जानकारी लेने पहुंची। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण और रिसर्च के माध्यम से यह पाया गया है कि यूरिया की जगह खाद के रूप में गोमूत्र को उपयोग में लाया जा सकता है। इसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम की बहुताया है, जो कि खेत की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाने में सहायक हैं।



### गोमूत्र और गोबर से तैयार की जा रही कीटनाशक दवा

इस कृषि विभाग द्वारा किसानों को गोमूत्र और गोबर के उपयोग से कीटनाशक दवा किए जाने की भी जानकारी दे रही है। उन्होंने किसानों को जैविक खाद व कीटनाशक दवा तैयार करने की पूरी विधि समझाई। गौमूत्र व गोबर से तैयार खाद को 'जीवा अमृत' व 'घना जीवा अमृत' नाम दिया गया है। जबकि कीटनाशक दवा को 'नीमास्त्र' नाम से किसान खुद तैयार कर रहे हैं। जैविक खाद से तैयार फसल किसानों को डेढ़ गुना लाभ दिलाएगी, साथ ही जमीन की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी। ग्रीष्मकाल में 200 किसानों ने इसे अपनाया है जबकि खरीफ के सीजन में किसानों की संख्या 700 है। जीवा अमृत जैविक खाद तैयार करने के लिए 180लीटर पानी, गाय का 20किलो ताजा गोबर, पांच लीटर गौमूत्र, एक किलो गुड़, एक किलो बेसन, 5 किलो बरगद के पेड़ के पास की मिट्टी की आवश्यकता होती है। पानी को ड्रम में डालें उसके बाद गोबर, बेसन, गुड व गोमूत्र डाल दें। मिश्रण को 48 घंटे तक ड्रम में रहने दें और दिन में तीन बार लकड़ी से मिश्रण को चलाते रहे। इस तरह खाद तैयार हो जाएगा।

### जीरो बजट की खेती और जमीन की उर्वरक क्षमता भी बढ़ रही

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जीरो बजट प्राकृतिक खेती यानि बिना पैसा खर्च किए खाद व कीटनाशक दवा तैयार कर खेत में फसल उगाना। इस जैविक खेती का कृषि विभाग ने जिले के किसानों को प्रशिक्षण दिया तो किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल में यही विधि अपना ली है। कृषि विभाग ने इसके लिए जिले में 1500 एकड़ का रकबा निर्धारित किया है। जिसमें 500 एकड़ ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जबकि एक हजार एकड़ खरीफ फसल का लक्ष्य तय है। इस प्रयोग से किसानों को कम खर्च में बेहतर उत्पादन मिल रहा है, वहीं जमीन की उर्वरक शक्ति भी बढ़ रही है।

### जल प्रदूषण कम और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज की छात्रा आस्था सोनी ने रोहित कुमार साहू के फार्म का भ्रमण कर जैविक खेती की जानकारी ली। रोहित साहू ने उन्हें बताया कि पिछले 12 वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। जल संचयन और स्वच्छता, स्वस्थ और सुरक्षित खाद्य उत्पादन, जैव विविधता का संरक्षण, जैविक खेती न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जल प्रदूषण की संभावना नहीं होती। गाय के गोबर और मूत्र से तैयार खाद और तरल उर्वरक फसलों की पैदावार और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करते हैं। इसके अलावा, पंचगव्य जैसे उत्पाद मिट्टी की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। गाय का मूत्र जैविक खेती में यूरिया की तुलना में 5 गुना अधिक प्रभावी है। गाय के मूत्र में एंटीसेप्टिक और कीटनाशक गुण भी होते हैं, जो फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

## सिटी इवेंट

# बाबा साहेब के बताए गए मार्गों पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि



■ पंचशील नगर खुर्सीपार में नवयुवक संगठन कल्याण समिति का आयोजन

**भिलाई।** पंचशील नगर खुर्सीपार बुद्ध विहार में नवयुवक संगठन कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर युवाओं द्वारा रैली निकाली गई। रैली प्रस्थान के पूर्व छावनी थाने के पुलिस कर्मी भी भगवान गौतम बुद्ध और बाबा साहेब को नमन किया। अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। युवाओं द्वारा केक काट कर रंगारंग आतिशबाजी की गई। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। सभी बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। शाम के सत्र में सभी बच्चों को विहार के अध्यक्ष के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने डॉ भीम राव आंबेडकर की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब की जयंती मनाना कोई बड़ी बात नहीं है बल्कि उनके बताए गए मार्गों पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन इंदु ऊके ने किया। इस अवसर पर बुद्ध विहार के अध्यक्ष भागवत शेंडे, मीडिया प्रभारी प्रकाश श्यामकुंवर, उपाध्यक्ष शुभम बोरकर, सचिव विनय बोरकर, महासचिव हितेश श्यामकुंवर, कोषाध्यक्ष विनय वैद्य और महिला समिति अध्यक्ष कांता मासूरकर, महासचिव रमा गजभिए, सचिव अंजली श्यामकुंवर, उपाध्यक्ष सविता वासनिक, सिंधु वाहने, संगठन सचिव शालिनी मेश्राम, अनीता कराड़े, गीता बोरकर, मीना बोरकर, कार्यकारिणी सदस्य सिंधु वाहने, इंदु ऊके, लक्ष्मीबाई गायकवाड़ आदि मौजूद थे।

● बीएसपी भिलाई विद्यालय में रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स पर सामुदायिक सप्ताह का आयोजन

# स्मार्ट, अल्ट्रासोनिक सेंसर वाहन, ब्लूटूथ कार व दुर्घटना रोकथाम तकनीक पर रोबोटिक्स कार्यशाला, छात्रों ने देखी मॉडल प्रदर्शनी

**भिलाई।** स्कूली छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी पर कार्यशाला सामुदायिक सप्ताह आयोजित की गई है। जहां 10वीं व 12वीं के बच्चों ने विज्ञान के अनोखे प्रयोगों पर आधारित अनेकों नवाचारी प्रोजेक्ट्स और तकनीकों को समझ सकेंगे। प्रदर्शनी दौरान विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करते हुए बाधा से बचने वाली स्मार्ट गाड़ी, अल्ट्रासोनिक सेंसर के वाहन, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, ब्लूटूथ नियंत्रित कार, इशारे से संचालित वाहन और ड्राइवरों के लिए दुर्घटना रोकथाम तकनीकों को विस्तार से बताया गया। साथ ही वक्ताओं ने स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एटीएल द्वारा \₹सामुदायिक सप्ताह\₹ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्राचार्या सुमिता सरकार एवं एटीएल प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू के नेतृत्व में पांच छात्रों की टीम द्वारा भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के छात्र-छात्राओं के लिए एक रोबोटिक्स प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।




### नवाचार को विकसित करने किया प्रोत्साहित



वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू ने विभिन्न परियोजनाओं का संक्षिप्त तकनीकी विवरण प्रस्तुत किया। साथा ही उपस्थित छात्रों को अपने रचनात्मक विचारों एवं नवाचार को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्र-छात्राओं को अपनी अंतर्निहित प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का सशक्त अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आयोजन के लिए सेक्टर-10 स्कूल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस रोबोटिक्स कार्यशाला में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रौद्योगिकी की बारीकियों को समझने में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार साहू, सरिता कुमारी शाक्या, निशि शिवप्पा तथा संगीता मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### अटल टिंकरिंग लैब में नवाचारी प्रोजेक्ट्स

कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के सभागार में विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से बाधा से बचने वाली स्मार्ट गाड़ी, अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित वाहन, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, ब्लूटूथ नियंत्रित कार, हाथ के इशारे से संचालित वाहन तथा ड्राइवरों के लिए दुर्घटना रोकथाम तकनीकों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सुमिता सरकार ने कहा कि सेक्टर-10 स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों के लिए सदैव खुली है, जहाँ विज्ञान के अनोखे प्रयोगों पर आधारित अनेकों नवाचारी प्रोजेक्ट्स उपलब्ध हैं। ये परियोजनाएँ छात्रों की विज्ञान एवं तकनीकी समझ को विस्तार से समझने में लाभकारी और प्रेरक सिद्ध हो रही हैं।



## स्पोर्ट्स लाइव

# ब्लेसन को मिला स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब



**भिलाई।** सीजी पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में राज्य स्तरीय सीनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ब्लेसन बॉस्को ने भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब ब्लेसन बॉस्कों को दिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल एरिया में कार्यरत ब्लेसन बॉस्को ने 93 किलों वजन वर्ग समूह में भाग लिया और स्कॉट में 320 केजी, बेंचप्रेस में 180 केजी, डेड लिफ्ट में 275 केजी कुल 775 केजी वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में सभी ग्रुप के स्वर्ण पदक विजेताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अधिक अंक ब्लेसन बॉस्को को मिला। इसी के आधार पर स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब भी ब्लेसन ने जीता। स्वर्ण पदक के जीत पर बीएसपी प्लेट मिल के सीजीएम कार्तिकेय बेहरा, जीएम संजय त्रिपाठी, डीजीएम अरुण अग्रवाल, एजीएम नवनीत, जूनियर इंचार्ज रंजना चक्रवर्ती, राज वासनिक, दिलीप पटेल, अंबर ठाकुर, राजेश क्षत्रिय, धनराज, अभिषेक साहू, प्रतीक, रिशुभ, दीनू, श्रीनु राव, जी शिवा कुमार सहित सभी खिलाड़ियों ने ब्लेसन बॉस्कों को बधाई दी।

■ राज्य स्तरीय सीनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## आयोजन...

# बुद्ध व भीम गीतों पर आधारित सूफी अंदाज में दी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति



**भिलाई।** डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में धूमधाम से मनाई गई। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर सभी लोगों को संविधान के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आंबेडकर अनुयायियों के अलावा बौद्ध समाज, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, नेहरू युवा केंद्र दुर्ग, क्रिश्चियन समाज, संत रविदास समाज, सतनामी समाज सहित दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और अन्य समाजों की कई समितियां उपस्थित रही। अरुण वोरा ने सभा को सम्बोधित करते हुए, बाबा साहेब के कार्यो को याद कर भारत के निर्माण मे उनके महत्वपूर्ण योगदान को बताया। इस दौरान नागपुर महाराष्ट्र से गायक, गीतकार, संगीतकार आयुष्मान राहत ओलेकर और प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म के द्वारा एल्बम की शूटिंग की गई। शाम 4 बजे बौद्ध समाज के साथ अन्य कई समाज के लोगो द्वारा रैली निकाली गई। इस अवसर पर समिति द्वारा 5000 लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था। सार्वजनिक जयंती समारोह समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। शाम को कविता वासनिक द्वारा संचालित अनुराग धारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि महादेव कावरे, दिलीप वासनिकर ने शिरकत की। मुख्य वक्ता सुरेश माने मुंबई एवं उषा बौद्ध नागपुर द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया। रात के कार्यक्रम में जाधव सिस्टर्स, मुंबई द्वारा बुद्ध भीम गीतों पर आधारित सूफी अंदाज में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन सार्वजनिक जयंती समारोह समिति दुर्ग के प्रवक्ता एवं समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव अनिल जोग ने किया।

## गांधी नगर भिलाई तीन में हुआ आयोजन

# आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा में जागृति शिविर में कराया अन्न प्राशन




**भिलाई।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 गांधी नगर भिलाई-3 में 17 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा के तहत जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण को लेकर जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना भिलाई-2 की परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी तथा पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी ने महिला जागृति शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को व्यवहार, पोषण और एक हजार दिवस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में गोदभराई के साथ गर्भवती माताओं को गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल एवं पोषण के महत्व को बताया गया। 6 माह पूर्ण किए बच्चे रोहित कुमार का अन्नप्रासन कराते हुए यह सन्देश दिया किया गया कि बच्चों को सही समय में ऊपरी आहार देना शुरू कर कुपोषण से बचाया जा सकता है।

**गोदभराई और कराया गया अन्न प्राशन**

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता देशमुख, सहायिका पिंकी साहू सहित खुशबू कुमार, लक्ष्मी शर्मा, दीपिका वासनिक, लक्ष्मी कैवर्थ, नेहा राव, खुशबू तिवारी, एल. ज्योत्सना, सोनी बिशोई, दीक्षा पाटिल, सोनमती सोना, नौशीन फरनाज मौजूद थी।

## लाइव इवेंट

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजा राम रामटेके एमटीआर , रीना जॉन एमटीआर (पैथोलॉजी) और स्टाफ नर्स अंशु अनुपमा जोसफ को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चिकित्सकों ने शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो व डॉ नीली एस कूजूर, वरिष्ठ सलाहकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ आकांक्षा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक बी आर ढोके, सहायक प्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं अनुजा सक्सेना, सहायक प्रबंधक एचआर शीबा थॉमस सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऐसे कार्मिक जो कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए तकनीकी, प्रक्रियात्मक और अनुशासन का पालन करने में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते है, उनके कार्यो को प्रेरित करने और पहचान देने के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

## बेबे नानकी के प्रकाश पर्व पर विशेषज्ञ डाक्टर ने किया नेत्र परीक्षण

# रक्तदान और नेत्र परीक्षण शिविर में सिख संगत का दिखा उत्साह, सरोपा से यूथ सिख सेवा समिति सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। यूथ सिख सेवा समिति और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई के सहयोग से बेबे नानकी गुरुद्वारा में बेबे नानकी के प्रकाश पर्व पर विशाल रक्तदान शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें सभी सातों संगत ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई के गुरनाम सिंह ने बताया कि भिलाई के सभी गुरुद्वारा साहिब में हर साल छत्तीसगढ़ सिख पंचायत और यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर लगाते आ रहे है। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई ने लगाया रक्तदान शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर में समाज सहित अन्य लोग भी उत्साह के साथ भाग लेते है।



### यूथ सिख सेवा समिति भिलाई का हुआ सम्मान

बेबे नानकी गुरुद्वारा साहिब खुर्सीपार में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई को सम्मानित किया गया। इस दौरान यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह का माता कुलवंत कौर को गुरुद्वारा कमेटी के तरफ से सरोपा और स्मृति चिन्ह देकर संगत के सामने सम्मानित किया गया।

### भिलाई मेरी जन्म व कर्मभूमि, हर एक सिख परिवार मेरा अपना- इंदरजीत



इस अवसर पर बेबे नानकी गुरुद्वारे के सदस्यों ने कहा कि बहुत कम समय में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा भिलाई में रहने वाले सिख परिवार के लिए किया जा रहा कार्य सराहनीय है। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की टीम का हर एक मेंबर अपनी तरफ से समिति के उद्देश्य को निस्वार्थ भावना से हर कार्य को बखूबी से करते आ रहे है इसीलिए समिति के कार्यों की सराहना हर तरफ हो रही है समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि भिलाई मेरी जन्म व कर्म भूमि रही है। इसलिए यहां रहने वाला हर एक सिख परिवार मेरा परिवार है और उनके लिए जो भी बन पाएगा उसके लिए यूथ सिख सेवा समिति भिलाई हर संभव मदद करेगी। समिति अभी भी 24 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से सेवा कार्य करते आ रही है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी के लिए टीम घोषित, अंशुमान कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी - 2025 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 20 अप्रैल से सेन्ट्रल जोन द्वारा आयोजित राजसिंह डुंगरपुर अंडर 14 ट्राफी - 2025 में हिस्सा लेगी।

टीम में आर्य ध्रुव जशपुर, अंजन्या परिहार रायपुर, अंकुश कुमार रायगढ़, अंकुश कुमार भिलाई स्टील प्लांट, कप्तान अंशुमान ठाकुर रायपुर, अनुराग टोप्पो जशपुर, आरुष जसवानी रायपुर, आर्यन अग्रवाल रायपुर, चंद्र प्रकाश साहू जांजगीर चांपा, कुन्दन कोठारी (विकेट कीपर),पेरुगु आर्यन रायपुर, सचिन कुमार (विकेट कीपर), शौर्य जायसवाल रायपुर, सोहम सिंह भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन,सुजल देवांगन राजनांदगांव और युवराज यादव रायगढ़ शामिल हैं। टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के साथ देहरादून में विभिन्न टीमों के मुकाबले तय किए गए हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्य प्रदेश 20-21 अप्रैल,छत्तीसगढ़ विरुद्ध विदर्भ 23-24 अप्रैल, छत्तीसगढ़ विरुद्ध राजस्थान 26-27 अप्रैल और छत्तीसगढ़ विरुद्ध उत्तर प्रदेश 29-30 अप्रैल मुकाबला होगा।

### खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 21 से



**रायपुर।** रायपुर जिले में संचालित विभागीय आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी (बालक/बालिका), एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित होने वाली आवासीय खेल अकादमी फुटबॉल (बालिका) में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक होगा। वहीं आवासीय खेल अकादमी हॉकी (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का चयन ट्रायल का आयोजन 25 से 27 अप्रैल तक में किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल समय सुबह 07.00 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका खिलाड़ी एवं अन्य राज्यों के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें पहले दिन खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण, दूसरे दिन शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में और तीसरे दिन खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी खेल हेतु तीरंदाजी एरिना बालिका खेल छात्रावास के सामने मैदान, रायपुर में हॉकी खेल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-02 बालक खेल छात्रावस के सामने रायपुर में तथा फुटबॉल एवं एथलेटिक्स खेल हेतु स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम, रायपुर में किया जाएगा।

चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। आवासीय खेल अकादमी, हेतु चयन ट्रायल का आयोजन निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जावेगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है, साथ ही खिलाड़ी सीधे आयोजन तिथि के पहले दिन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में सुबह 07 बजे से पंजीयन करा कर सम्मिलित हो सकते है।

बिलासपुर जिले में संचालित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिका की आवासीय खेल अकादमी संचालित है तथा राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी संचालित है। उक्त आवासीय अकादमी में सत्र 2025-26 हेतु नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिये जाने हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 तक स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, में किया जाएगा। चयन ट्रायल समय सुबह 07-00 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका 1317 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान प्लेईंग किट दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है, साथ ही खिलाड़ी सीधे आयोजन स्थल में पहुंचकर 07 बजे से पंजीयन करा कर सम्मिलित हो सकते है।

### ट्रांसफैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा, गलत तरीके और अधिक सेवन से नुकसान

# फैट खाने से वजन बढ़ने का मिथक अब टूट रहा, फैट भी जरूरी है शरीर के लिए

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है।

फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है,हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा,स्किन के लिए महत्वपूर्ण है आदि। फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांसफैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है। खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट। प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं।



### ट्रांसफैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे (एचडीएल) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने में कृत्रिम ट्रांस फैट की भूमिका सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, फैट के अन्य प्रकार या कार्ब्स की बजाय ट्रांस फैट का सेवन करने वाले लोगों का एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई थी।


### ट्रांसफैट इतना फेमस क्यों है ?

1990 से पहले, ट्रांस फैट के बारे में बहुत कम जानकारी थी कि ट्रांस फैट आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन 1990 के दशक में, रिसर्च ने ट्रांस फैट के बारे में रिसर्च शुरू की। इन निष्कर्षों के आधार पर, एफडीए ने ट्रांस फैट के लिए लेबलिंग नियम बनाए और हाल के दशकों में अमेरिका में खपत में कमी आई है। इस कारण से नियमानुसार ट्रांस फैट की मात्रा को किसी भी फूड प्रोडक्ट के लेवल पर मेंशन करना जरूरी हो गया है।



### ट्रांस फैट किन खाद्य पदार्थों में होता है?

ट्रांस फैट कई खाद्य पदार्थों में पाया जा सकता है। जिसमें डोनट्स जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ और केक , पाई क्रस्ट , बिस्कुट , फ्रोजन पिज्जा, कुकीज , क्रैकर्स , स्टिक मार्जरीन और अन्य स्प्रेड सहित बेक किए गए सामान शामिल हैं। आप न्यूट्रिशन लेवल देखकर भी प्रोडक्ट में ट्रांस फैट की मात्रा का पता लगा सकते हैं। हालांकि, कुछ प्रोडक्ट की प्रति सर्विंग 0 ग्राम से 0.5 ग्राम से कम ट्रांस फैट होता है तो वहां ₹0 ग्राम ट्रांस फैट₹ भी लिखा होता है।



इसलिए लेवल देखकर और 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' के रूप में लिखे हुए प्रोडक्ट या इंग्रेडिएंट को देखकर ट्रांस फैट का पता लगा सकते हैं।

### ट्रांसफैट खाने से कैसे बचें

ट्रांस फैट से पूरी तरह बचना काफी मुश्किल हो सकता है। कुछ देशों में तो फूड प्रोडक्ट पर ₹ट्रांस-फैट-फ्री₹ लेबल लगाकर प्रोडक्ट बेचे जाते हैं, लेकिन इंडिया में ऐसा नहीं है। इसलिए लेबल जरूर चेक करें। डोनट्स, कुकीज, क्रैकर्स, मफिन, पाई और केक ऐसे खाद्य पदार्थों के उदाहरण हैं जिनमें ट्रांस फैट हो सकता है।



## वर्कआउट करते समय जल्दी नहीं होगी थकान, अपनाएंगे ऐसे टिप्स

जिम में जाकर हैवी वर्कआउट करना हो या दिनभर कोई मुश्किल भरा काम करना हो। किसी के लिए ये आसान होता है तो कुछ लोगों के लिए ये मुश्किलभरा होता है।

जो लोग इस तरह का काम करने में परेशान हो जाते हैं, उन्हें थकान होने लगती है या सांस फूलने लगती है। यह पूरा मामला 'स्टैमिना' से जुड़ा होता है। जी हां, किसी भी भारी काम को लंबे समय तक करने के लिए जिस फिजिकली पावर की जरूरत होती है, वही स्टेमिना है। यह बात तो आप जानते ही होंगे कि लाइफ को बेहतर बनाने के लिए माइंड और बॉडी का कनेक्शन जरूरी होता है। जैसे-जैसे आपकी फिजिकली और मेंटली पावर बढ़ेगी, वैसे ही स्टेमिना भी बढ़ेगा। कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए आसान तरीके आजमाते हैं। वहीं कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए बॉडी वेट वर्कआउट करते हैं। कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर इस तरह की टर्म भी सर्च करते हैं -स्टेमिना कैसे बढ़ाएं,स्टेमिना बढ़ाने के घरेलू उपाय स्टेमिना बढ़ाने के आसान तरीके

स्टेमिना बढ़ाने के लिए एक्सरसाइज आदि। फिटनेस लेवल और ताकत पता करके स्ट्रेंथ का पता लगाया जा सकता है। लेकिन स्टेमिना लेवल का पता लगाने के लिए जिम में हैवी वर्कआउट का समय देखने की जरूरत होती है।

यदि आप भी वर्कआउट करते समय जल्दी थक जाते हैं



तो आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने की जरूरत है। आज हम आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने के कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करने से धीरे-धीरे रिजल्ट मिल सकते हैं।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो

अधिकतर लोग एक दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं और दूसरे दिन कार्डियो। लेकिन क्या आपने सोचा है कि इन दोनों को एक ही दिन करने से क्या होगा?

यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो वो आपको स्टेमिना और एंड्यूरेंस बढ़ाने से रोकेगा। इसलिए आपको स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो साथ में करना चाहिए।

कारण है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मास बढ़ता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और स्टैमिना बूस्ट होता है। आपके अंदर ताकत आती है, जिससे आप एक्सरसाइज के दौरान आसानी से हैवी वेट को उठा पाएंगे और कम ऑक्सीजन ग्रहण करेंगे। इससे आपको थकान भी काफी कम होगी। यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो मसल्स लॉस होने के कारण ताकत कम रहेगी, जिसका रिजल्ट आने वाले दिनों में मिलेगा और आप हैवी वेट नहीं उठा पाएंगे।

### रेस्ट पीरियड कम करें

ट्रेनिंग के दौरान रेस्ट पीरियड कम करने से भी स्टेमिना बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके लिए हमेशा इंटेंस मूवमेंट या एक्सरसाइज करें ताकि रेस्ट पीरियड कम से कम हो।

## शाम के समय आरती की लौ चारों दिशाओं में क्यों दिखाते हैं, जानिए वजह

बता दें, बिना आरती के पूजा अधूरी मानी जाती है। कुछ लोग आरती करने के बाद पौधे के पास दीपक रखते हैं। जो वास्तु शास्त्र के अनुसार शुभ माना जाता है। अब ऐसे में मंदिर में शाम की आरती के बाद आरती की लौ को चारों दिशाओं में दिखाई जाती है। इसका महत्व जरूर जानिए।

### उत्तर दिशा में आरती की लौ दिखाना

उत्तर दिशा में भगवान शिव और कुबेर देवता का वास होता है। शास्त्रों में भगवान कुबेर को धन-संपत्ति का देवता माना गया है। साथ ही महादेव को दिशा अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। इससे व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलते हैं और सुख-समृद्धि की भी प्राप्ति होती है।

### पश्चिम दिशा में आरती की लौ दिखाना

पश्चिम दिशा शनिदेव की मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिशा में आरती की दिखाने से व्यक्ति पर शनिदेव की कृपा बनी रहती है और शनि दोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

### पूर्व दिशा में आरती की लौ दिखाना

पूर्व दिशा भगवान विष्णु की दिशा मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में आरती की लौ दिखानी चाहिए। इससे विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है। इस दिशा में आरती की लौ दिखाने से सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### दक्षिण दिशा में आरती की लौ दिखाना



दक्षिण दिशा यम और पितरों का दिशा माना जाता है। इसलिए इस दिशा में संध्या की आरती दिखाने से पितृ प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को अकाल मृत्यु से भी छुटकारा मिल सकता है । इसलिए इस दिशा में संध्या आरती दिखाएं।

### आरती करने के नियम क्या हैं?

अगर आप आरती कर रहे हैं, तो एक ही स्थान पर खड़े होकर करनी चाहिए। आरती करने के दौरान थोड़ा झूकना चाहिए। आरती करते समय भगवान की चरणों की ओर चार बार, नाभि की और दो बार, मुख की ओर एक बार और शरीर की सभी अंगों की ओर सात बार करनी चाहिए। इसलिए इस बात का ध्यान अवश्य रखें।

## चावल से बनी कांजी पेट की गर्मी को करेगी दूर

पेट को ठंडा करने के लिए चावल से बनी कांजी के सेवन को बहुत लाभदायक माना गया है। सबसे पहले चावल को पानी में डालकर धो लें। इससे चावल की सभी गंदगी पानी से साफ हो जाएगी और स्टार्च भी साफ हो जाएंगे। अब चावल को पकाना है, इसके लिए एक बर्तन में पानी गर्म करने के लिए रखें। पानी गर्म हो जाए तो चावल को डालकर उबाल लें। चावल पक जाए तो बचे हुए पानी को छान लें। चावल के इस स्टार्च वाले पानी को फेंकना नहीं है, यही चावल का कांजी है, जो हमारे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। चावल का पानी बच जाए तो आप इसे फ्रिज में स्टोर कर बाद में भी इसका स्वाद और लाभ ले सकते हैं।



चावल की कांजी बनाने के लिए चावल को साफ पानी में धोकर एक तरफ रखें।अब एक बर्तन में चावल को पकाने के लिए पानी गर्म करने के लिए रखें।




कार्नर न्यूज


### तंदुरुस्त रहने के लिए जरूरी है जीवनशैली में बदलाव

# चुस्त-दुरुस्त रहने हेल्दी मील प्लान, दिनभर बिजी रहने के बावजूद नहीं होगा थकान का अहसास

कहते हैं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है। यानी आप स्वस्थ नहीं होंगे और आपको किसी प्रकार की शारीरिक समस्या है, तो आप किसी भी काम को अच्छी तरह नहीं कर पाएंगे। आजकल यंगस्टर्स में भी फिटनेस की कमी देखी जाती है। इसका मुख्य कारण है उनका दिनभर बिजी रहना। सुबह से शाम तक शेड्यूल टाइट रहने पर वे सही से खाने के लिए समय भी नहीं निकाल पाते। ऐसे में वे समय बचाने के लिए कैफेटेरिया या किसी दुकान से जंक फूड लेकर खा लेते हैं।


इतना ही नहीं कई बार तो दोपहर का लंच भी स्किप हो जाता है, जिससे भूख बढ़ने पर आप अगली मील हैवी करते हैं। इस तरह बिगड़ी हुई लाइफ स्टाइल सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर डालती है। इसका असर यह होगा कि आपका वजन बढ़ने लगेगा और आप अनफिट हो सकते हैं।

यदि आप भी बिजी शेड्यूल के कारण अपनी डाइट पर ध्यान नहीं दे पाते तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि फिट और हेल्दी रहने के लिए किस तरह का डाइट प्लान होना चाहिए।



### सिंपल ब्रेकफास्ट को प्राथमिकता दें

ब्रेकफास्ट स्किप करने के कई नुकसान होते हैं। इसलिए हमेशा नाश्ता करना ही चाहिए। नाश्ता करने से आपको दिनभर के लिए एनर्जी मिलती है। यदि आप ऑफिस जाने के चक्कर में अक्सर ब्रेकफास्ट स्किप कर देते हैं तो यह गलत है। ऐसे में आपको किसी ऐसे ब्रेकफास्ट का सेवन करना चाहिए, जो जल्दी रेडी हो सके। लेकिन यह ध्यान रखें कि रोजाना ब्रेकफास्ट करना जरूरी है। ब्रेकफास्ट में आप ग्रीक योगर्ट, ऑमलेट, केला, दूध, ओट्स आदि का सेवन करें तो बेहतर रहेगा। ये सभी कम समय में तैयार हो जाते हैं और हेल्दी भी होते हैं। ये आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करके बॉडी को हाइड्रेट करने के साथ ही डाइजेशन भी सही रखते हैं।



### मॉर्निंग स्नैक्स भी साथ रखें

स्नैकिंग बहुत से लोग दिनभर करते रहते हैं। ऐसा करना नुकसानदेह और फायदेमंद, दोनों हो सकता है। यदि आप स्नैक्स के रूप में जंक फूड का सेवन करते हैं तो यह गलत होगा। वहीं यदि आप हेल्दी फूड खाते हैं तो यह अच्छा होगा। सुबह में आप 11-12 बजे के करीब आप स्नैक्स में नट्स या फ्रूट (Nuts or fruit) शामिल कर सकते हैं। इससे भूख मिट जाएगी और लंच के समय ओवरईटिंग से भी बच जाएंगे।

### ढेर सारा पानी पिएं

कुछ लोग खुद को एनर्जेटिक रखने की कोशिश में दिनभर कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन कॉफी के अधिक सेवन से शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है और रात में नींद आने में दिक्कत हो सकती है। इसलिए हमेशा खूब पानी पिएं ताकि शरीर से टॉक्सिन बाहर निकल सकें और बॉडी भी हाइड्रेट रहे। दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए इस बारे में जानने के लिए इस लिंक पर क्लिक कर सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने 'मेफेयर विचेज' के सीजन 3 का किया खुलासा



16 साल की उम्र में 'ऑल माई चिल्ड्रन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली एलेक्जेंड्रा डैडारियो को 'पर्सी जैक्सन' फिल्म में एनाबेथ चेस और एचबीओ की टीवी सीरीज 'ट्रू डिटेक्टिव' के पहले सीजन में लिसा ट्रैगनेट्टी की भूमिका के लिए जाना जाता है। अब एलेक्जेंड्रा ने अपनी सुपरनैचुरल सीरीज 'मेफेयर वीचेज' के बारे में एक अहम जानकारी शेयर की है।आउटलेट के अनुसार, 'मेफेयर विचेज' के तीसरे सीजन की शूटिंग सलेम और मैसाचुसेट्स में की जाएगी। इसके नए सीजन में थॉमस श्नौज और एस्टा स्पाल्डिंग नजर आएंगे। थॉमस श्नौज को 'ब्रेकिंग बैड' और 'बेटर कॉल साउ' जैसी सीरीज के लिए जाने जाता है।

खबर के अनुसार, एलेक्जेंड्रा डैडारियो की सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर मेफेयर विचेस को सीजन 3 को नए तरीके से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में जादू-टोने की कहानियों को और भी गहराई से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में नए जादुई परिवारों को दिखाया जाएगा और सलेम के ऐतिहासिक चुड़ैल पर फोकस होगा।

'मेफेयर विचेज' के अभी तक दो सीजन आ चुके हैं। पहले दो सीजन न्यू ऑरलियन्स में फिल्माए गए थे, जिसमें सबसे हालिया सीजन 2 मार्च को खत्म हुआ है। 'मेफेयर विचेज' सीरीज ऐनी राइस के उपन्यास 'द लाइव्स ऑफ मेफेयर विच' पर आधारित है। 'मेफेयर विचेज' का तीसरा सीजन एक नए मोड़ के साथ आने वाला है, जहां सलेम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दिखाया जाएगा।

एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने सीरीज को लेकर कहा, 'मैं मेफेयर विच के तीसरे सीजन के लिए हमारी टीम में टॉम श्नौज का स्वागत करते हुए रोमांचित हूं।' एलेक्जेंड्रा डैडारियो ने हाल ही में 'द व्हाइट लोटस' के लिए एमी नामांकन प्राप्त किया और अपने अभिनय के बारे में आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

### टॉलीवुड

## 'बीआरबीः फर्स्ट ब्लड' की शूटिंग शुरू निर्माताओं ने जारी किया सुदीप का फर्स्ट लुक



साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म 'बीआरबीः फर्स्ट ब्लड (बिल्ला रंगा बाशा)' की शूटिंग शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित और प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म पिछले कुछ समय से प्री-प्रोडक्शन में थी और आखिरकार इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। अपने एक्स पोस्ट में किच्चा सुदीप ने लिखा, "2209 एडी-बीआरबीः फर्स्ट ब्लड' आज से यात्रा शुरू हो रही है। हमारे लिए हमारी टीम का यह विशाल सपना और विजन फ्लोर पर जाना एक अनोखा उत्साह है।' एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें सुदीप को बर्फीले तूफान में दिखाया गया है, माथे पर बर्फ का चश्मा पहने हुए हैं, जिसमें आग से मची तबाही के दृश्य को दिखाया गया है। 'बीआरबीः फर्स्ट ब्लड' के जरिए सुदीप ने निर्देशक अनूप भंडारी के साथ दोबारा हाथ मिलाया है। इससे पहले दोनों ने 'विक्रांत रोना' में साथ काम किया था, जो सुपरहिट रही थी। पिछले साल किच्चा सुदीप के जन्मदिन पर फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया था, जिसमें वर्ष 2209 एडी में एक तबाही के बाद के भविष्य में सेट दो-भाग की कहानी के रूप में दुनिया की झलक दिखाई गई थी।

### छॉलीवुड

## महिला प्रधान पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का मुहूर्त, पूरी यूनिट मौजूद



निर्देशक विकास चंद्रवंशी और निर्माता गणेश गुप्ता की निर्माणाधीन छत्तीसगढी महिला प्रधान पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का मुहुर्त पूरे विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ कबीरधाम के भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान करण खान, कबीर मानिकपुरी, कंचन विश्वकर्मा, सान्या कम्बोज,शमशीर सिवानी और प्रदीप मानिकपुरी, सहित इस फिल्म के लगभग सभी कलाकार उपस्थित हुए। निर्माता-निर्देशक के मुताबिक यह एक शुद्ध पारिवारिक एवं महिला प्रधान फिल्म है जिसकी कहानी एकदम अलग है, ऐसी फिल्म अब तक के छत्तीसगढ में नही आयी है। इसके गाने भी बेहद कर्णप्रिय है जिसको सुनने के बाद लोग हमेशा गुनगुनायेंगे। कुछ प्रमुख कलाकारों में छत्तीसगढी एवं भोजपुरी फिल्मों के जाने माने अभिनेता ललित उपाध्याय, विनय अम्बष्ट, राधिका सिंह, लता राही,पार्थ मानिकपुरी, अंजलि चंद्रवंशी, शारदा मानिकपुरी, सरवन साहू, रवि मानिकपुरी, रिंकू पटेल, सुरेश लहरे, नारायण लहरे और भागवत मानिकपुरी भी शामिल है। इसमें कॉमेडी का तड़का संतोष निषाद बोचकू और आर मास्टर लगायेंगे। इस फिल्म के लेखक विकास चंद्रवंशी, चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर मुक्कू माही, असिस्टेंट डायरेक्टर राधिका सिंह, सरवन साहू, सुरेश लहरे, सिमरन गंधर्व,प्रोडक्शन हेड डॉ. राजेन्द्र जांगडे, प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप मानिकपुरी है। फिल्म के सभी दृश्यों को अपने हुनर से कैमरे में कैद अभिजीत भारती करेंगें। इस फिल्म की शूटिंग इसी सप्ताह प्रारंभ होने जा रही है जो कवर्धा के हसीन वादियों में होगी।




एआई-संचालित वर्चुअल असिस्टेंट और इमर्सिव वीआर जैसी डिजिटल तकनीकें उपभोक्ताओं के कपड़ों की खरीदारी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। 2025 में डिजिटलीकरण और वर्चुअल फिटिंग का एकीकरण प्रचलित फैशन प्रथाओं को आकार देना जारी रखेगा। हालांकि इसमें पुराने फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है. जिससे परिधान खुदरा विक्रेताओं को अपशिष्ट को कम करने और इन्वेंट्री प्रबंधन को अनुकूलित करने में मदद मिली है। डिजीटल दौर में फैशन डिजाइनिंग में काफी कुछ बदलाव आया है।

## चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से मिलते हैं ये फायदे



त्वचा पर तरह-तरह ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ प्रोडक्ट स्किन को फायदा पहुंचाते हैं, तो अन्य नुकसान। क्या आपने कभी अपने चेहरे पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल किया है? ग्लिसरीन त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

ड्राई स्किन से लेकर ऑइली स्किन तक के लिए ग्लिसरीन का उपयोग किया जा सकता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि चेहरे पर ग्लिसरीन का किन तरीकों से उपयोग करना चाहिए।

ग्लिसरीन वेजिटेबल और एनिमल फैट से बनाया जाता है। यह देखने में क्लियर और कलरलेस होता है। ग्लिसरीन से किसी प्रकार की कोई खुशबू नहीं आती है। यह एक तरह का मॉइश्चराइजर है, जिसका इस्तेमाल चेहरे पर किया जाता है। अगर आपकी ड्राई स्किन है, तो चेहरे पर ग्लिसरीन का उपयोग कर सकती हैं। ग्लिसरीन नेचुरल मॉइश्चराइजर के रूप में काम करता है। चेहरे को साफ करके त्वचा पर ग्लिसरीन लगे आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल रोजाना भी कर सकती है

स्किन को ओवर एक्सफोलिएट करने की वजह से स्क्रीन बैरियर डैमेज हो जाता है। यही नहीं, केमिकल प्रोडक्ट्स और दवाइयां के साइड इफेक्ट्स के कारण भी यह समस्या होने लगती है। स्क्रीन बैरियर डैमेज ना हो इसके लिए आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक्टीरियल इन्फेक्शन और ड्राई स्किन एक्ने ब्रेकआउट, ये सभी समस्याएं भी डैमेज स्किन बैरियर के लक्षण हैं। स्किन बैरियर डैमेज न हो, इसके लिए त्वचा पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल करें। इसके उपयोग से आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। हम सभी चाहते हैं कि हमारी त्वचा की रंगत निखरे। स्किन व्हाइटनिंग के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। यहां तक कि ट्रीटमेंट भी किए जाते हैं। क्या आप जानती हैं कि कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट जैसी ग्लिसरीन से भी त्वचा साफ दिखने लगती है। आप स्किन व्हाइटनिंग के लिए भी ग्लिसरीन को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। रोजाना चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से आपको महीने भर में फर्क दिखने लगेगा।

## फंक्शन में दिखना है सबसे अलग स्टाइल कीजिए खास आउटफिट्स





शादी के फंक्शन में शामिल होने के दौरान आप इस तरह के थ्री-पीस सूट स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। शादी से पहले कई सारे फंक्शन होते हैं और इन फंक्शन में शामिल होने के दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। वहीं, अगर आप शादी के फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो और इस दौरान सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो, आप इस तरह के करेंगी ये 3 पीस आउटफिट्स इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत साथ ही, सबसे अलग नजर आएगा।

### फंक्शन में स्टाइल करें ये 3 पीस आउटफिट्स

शादी के फंक्शन में न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए ये 3 पीस आउटफिट्स वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजांइस 3 पीस आउटफिट्स दिखा रहे हैं जो आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस 3 पीस आउटफिट्स में टॉप, प्लाजो साथ ही श्रग है। और इस तरह का आउटफिट आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस आउटफिट के साथ चोकर या पर्ल वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

### क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट

न्यू लुक के लिए आप इस तरह के क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट का चुनाव का सकती हैं। इस तरह का क्रॉप टॉप, प्लाजो दुपट्टा सेट आप मेहंदी फंक्शन में वियर कर सकती हैं। इस आउटफिट में जो प्लाजो है वो सिंपल है और दुपट्टा नेट साथ ही, जो क्रॉप टॉप है।

## डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कीजिए बेहद सावधानी से



ज्वेलरी पहनना हर महिला को पसंद होता है। वहीं, अगर ज्वेलरी सोना या डायमंड का हो, तो महिलाएं उसे काफी संभालकर रखना पसंद करती हैं। अगर आपको भी डायमंड की ज्वेलरी पहनना पसंद है, तो इसे खरीदने के बाद सही तरह से स्टोर करना भी आना चाहिए। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कर सकती हैं।

### ज्वेलरी को एक साथ ना रखें

कई लोग आर्टिफिशियल और डायमंड की ज्वेलरी को एक साथ स्टोर करके रख देते हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। डायमंड की ज्वेलरी भले कितनी भी महंगी क्यों ना हो, यह काफी नाजुक होता है। गलत तरीके से रखने पर यह टूट सकता है। ऐसे में इसे आपको अलग डिब्बों में रखना चाहिए।

### नाजुक ज्वेलरी को अलग रखें

कई बार डायमंड की छोटी ज्वेलरी जैसे कि नोज पिन गुम हो जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें हम भारी ज्वेलरी के साथ रख देते हैं। इन छोटी चीजों को इनके डिब्बे में रखना चाहिए। ऐसे में ये सुरक्षित रहते हैं और इन पर दाग भी नहीं लगते हैं।

### भारी ज्वेलरी में होते हैं नुकसान

अगर आप भारी ज्वेलरी को मोड़कर रख देते हैं, तो ये बीच से टूट सकते हैं। चाहे ज्वेलरी कितनी भी महंगी क्यों ना हो, आपको इसे सही तरीके से ही रखना होगा। भारी ज्वेलरी को आप चाहें, तो अलग ज्वेलरी बॉक्स में रख सकती हैं। ऐसे में ये सुरक्षित रहेंगे ।

## लिक्विड लिपस्टिक शेड्स करें ट्राई, मिलेगी तारीफ



जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले मेकअप करते हैं। इसके लिए हम आउटफिट के हिसाब से अपने मेकअप लुक को क्रिएट करते हैं। लेकिन मेकअप पूरा करने के लिए जरूरी है कि आप लिपस्टिक के सही शेड का ध्यान रखें। इससे लुक अच्छा लगेगा।

### पिंक शेड लिक्विड लिपस्टिक

अगर आप न्यूड शेड्स वाली लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड लिपस्टिक शेड को अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग लिपस्टिक के शेड्स मिल जाएंगे, जिसे आप किसी भी कलर की ड्रेस के साथ अप्लाई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक लगाने के बाद आपको कोई ग्लॉस लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसे आप रोजाना अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं।

अगर आप ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप ब्राउन लिपस्टिक के अलग-अलग शेड्स को ट्राई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक में काफी अच्छे कलर मिल जाएंगे, जो होठों पर लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसके लिए आप लाइट से लेकर डार्क हर कलर की लिपस्टिक ले सकती हैं। मानसून मेकअप लुक के लिए यह अच्छी लगेगी। इस लिपस्टिक कलर को आप ऑफिस में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक सिंपल और एलीगेंट लगेगा।

कार्नर न्यूज

### कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में मिलेगी मदद

## कॉकटेल के लिए ऐसे हों तैयार कि आप बन जाएं पार्टी की शान, जानिए कुछ जरूरी टिप्स

कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है लेकिन कपड़े क्या पहने समझ नहीं पा रहे हैं तो आपको कॉकटेल पार्टी से जुड़े कुछ खास टिप्स जरूर आजमाने चाहिए। ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं-कॉकटेल अटायर मुख्य रूप से कॉकटेल पार्टी,शाम के इवेंट,रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं।

### फैब्रिक के बारे में सोचिए

वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है।

### कैजुअल पहन सकते हैं लेकिन खास तरह से



कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

### कलर का रखें ध्यान

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा।

### साफ-सफाई है जरूरी

आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।

